दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्षः 3 I अंकः 227 | जयपुर, शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 I श्रावण, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विसं 2081 | पृष्ठः 10 I मूल्यः 2.00

## जरूरी खबर

### मदन राठौड़ BJP के प्रदेशाध्यक्ष और अग्रवाल प्रभारी



**जयपुर।** बीजेपी ने राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की जगह मदन राठौड़ को पार्टी की राजस्थान इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बीजेपी महासचिव संगठन अरुण सिंह की तरफ जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सांसद मदन राठौड़ को राजस्थान प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसके साथ ही पार्टी ने राधामोहन दास अग्रवाल को राजस्थान भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया है।

-पेज 2 भी देखें

### पेरिस ओलंपिक का रंगारंग आगाज आज



**पेरिस।** खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक 2024 के आगाज में कुछ ही घंटों का वक्त शेष है। भारत के 117 खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने सर्वश्रेष्ठ करते हुए सात पदक जीते थे। इस बार भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा। भारतीय ओलंपिक संघ ने 117 खिलाड़ियों का दल पेरिस भेजा है। इसमें से 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में खेलेंगे। 47 भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं, जो एक या उससे अधिक बार ओलंपिक में भाग ले चुके हैं।

### भारतीय आर्चरी की मेंस-वीमेंस टीम क्वालीफायर में

**पेरिस।** भारत की मिक्स्ड टीम पांचवें नंबर पर रहकर आर्चरी के राउंड 16 में पहुंच गई है। इसमें कोरिया टॉप पर रहा। जर्मनी दूसरे, यूएसए तीसरे और चीन चौथे नंबर पर रहा। मेंस इंडीविजुअल इवेंट में धीरज चौथे नंबर पर रहे। तरुणदीप 14वें नंबर पर रहे। वहीं प्रवीण 39वें पायदान पर रहे। मेंस टीम तीसरे स्थान के साथ क्वालीफायर में पहुंची है। इसे पहले वीमेंस टीम भी क्वालीफायर में पहुंची थी। वीमेंस इंडीविजुअल में अंकिता 11वें नंबर पर रही थीं। भजन 22वें और दीपिका 23वें पायदान पर रहीं।

-पेरिस ओलंपिक की खबरें पेज 5 पर भी देखें

**बजट में मिली सौगातें:** सिवाना विधायक के साथ क्षेत्र से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

# विकसित प्रदेश जनकल्याणकारी योजनाओं का केन्द्र बिन्दुः शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को विधानसभा में बाड़मेर जिले के सिवाना विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल के नेतृत्व में 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बजट 2024-25 में सिवाना विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास कार्यों की घोषणा के लिए धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस बजट में हर क्षेत्र और हर वर्ग के लिए कल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी



योजनाओं एवं विकास कार्यों का केन्द्र बिन्दु है। परिवर्तित बजट इसी संकल्पना को साकार करने की रूपरेखा है। इस दौरान सिवाना विधायक सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**कारगिल विजय दिवस आज, मुख्यमंत्री ने कहा...**

## यह दिन है भारतीय सेना के साहस और शौर्य का प्रतीक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों की शहादत को नमन किया है।

शर्मा ने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के गौरवमयी इतिहास का एक सुनहरा अध्याय है। यह युद्ध भारतीय सेना के साहस और शौर्य का प्रतीक है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी राष्ट्र की अस्मिता और गौरव को बरकरार रखने का संकल्प लें, यही कारगिल शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला:** राज्यों के लिए खुश खबरी... केंद्र सरकार को झटका, कोर्ट ने कहा-

# खनिजों की रॉयल्टी पर राज्यों का अधिकार

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि खनिजों के बदले दी जाने वाली रॉयल्टी कर नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी और पीठ के सात न्यायाधीशों की ओर से फैसला पढ़ते हुए कहा कि संसद के पास संविधान की सूची दो की प्रविष्टि 50 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। दरअसल, शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने इस फैसले में 35 साल पुराने अपनी ही संविधान पीठ के फैसले को गलत बताया है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जस्टिस नागरत्ना ने इस पर असहमतिपूर्ण फैसला दिया है। वहीं, शीर्ष अदलात ने 8:1 के बहुमत से फैसले को पलट दिया।

### संसद के पास यह अधिकार नहीं

कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को झटका देते हुए कहा कि राज्यों के पास संविधान के तहत खदानों और खनिज वाली भूमि पर रॉयल्टी वसूलने का विधायी (कानूनी) अधिकार है। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि खनिजों के बदले दी जाने वाली रॉयल्टी कर नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी और पीठ के सात न्यायाधीशों की ओर से फैसला पढ़ते हुए कहा कि संसद के पास संविधान की सूची दो की प्रविष्टि 50 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। संविधान की सूची-II की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है।

**35 साल बाद... CJI चंद्रचूड़ की 9 जजों की बेंच का रॉयल्टी टैक्स पर निर्णय**



### जस्टिस बीवी नागरत्ना ने जताई असहमति

बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संविधान पीठ का 1989 का फैसला गलत है, जिसमें कहा गया था कि रॉयल्टी एक कर है। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने दो अलग-अलग फैसले दिए और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने इससे असहमति व्यक्त की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राज्यों के पास खदानों और खनिजों वाली भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता नहीं है।

### ये थे पीठ के सदस्य

संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्जवल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस जार्ज मसीह शामिल हैं।

### फैसले के प्रमुख बिंदु

- **बहुमत का मत:** बेंच ने 8:1 के बहुमत से स्पष्ट किया कि खनन कंपनियों द्वारा राज्य सरकारों को किए जाने वाले रॉयल्टी भुगतान टैक्स नहीं हैं। यह भेद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका मतलब है कि राज्य इन रॉयल्टी पर अतिरिक्त टैक्स लगा सकते हैं।
- **विधायी क्षमता:** फैसले में कहा गया कि राज्य विधानसभाओं के पास संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत खनिज-धारक भूमि पर टैक्स लगाने की विधायी क्षमता है, जिसे संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची II के प्रवेश 49 के साथ पढ़ा जाता है। इस प्रवेश के तहत राज्यों को भूमि और भवनों पर टैक्स लगाने का अधिकार है।
- **खनिज हितों का निहित होना:** बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि एक बार खनन पट्टा अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद, खनिजों में रुचि राज्य सरकार में निहित हो जाती है। इससे राज्यों की स्थिति और मजबूत होती है कि वे ऐसे हितों पर टैक्स लगा सकते हैं।

### क्या था 1989 का फैसला

साल 1989 में शीर्ष अदालत की ही बेंच ने खनिजों पर लगाई जाने वाली रॉयल्टी को टैक्स माना था। उस वक्त सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि देश में खदानों और खनिजों के विकास पर प्राथमिक अधिकार केंद्र सरकार का है। राज्यों के पास केवल रॉयल्टी लेने का अधिकार है। इसके अलावा वे खनन और खनिज विकास पर कोई अन्य टैक्स नहीं लगा सकते। कोई भी राज्य सरकार रॉयल्टी पर सेस नहीं लगा सकती। यह एक तरह से कर पर कर लगाना होगा।

**मां बिलखती हुई बेसुध तो बड़े भाई ने किया अंतिम सैल्यूट**

## शहीद सितेंद्र सिंह को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

- सीएम ने जांबाज शहीद को किया नमन
- निकली तिरंगा यात्रा, किए अंतिम दर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी आग में शहीद हुए सितेंद्र सिंह सांखला (23) का गुरुवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। गुरुवार दोपहर शहीद की पार्थिव देह जैसे ही पैतृक गांव पहुंची तो हर किसी की आंखें नम हो गई। अंतिम संस्कार से पहले शहीद के सम्मान में झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ रोड बाईपास से उनके पैतृक गांव तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद को श्रद्धांजलि देने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। तिरंगा यात्रा करीब 9 किमी तक निकली। इस दौरान सड़क मार्ग के दोनों और खड़े बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरुषों ने शहीद के सम्मान में फूल बरसाए तथा शहीद सितेंद्र अमर रहे... आप देश की शान हो.. सरीखे देश प्रेम के गगनभेदी नारों के बीच शहीद को नमन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहीद सतिंद्र की शहादत को नमन किया।







### परिजन हुए बेसुध

जिस आंगन में पले बढ़े उसी आंगन में जैसे ही शहीद का पार्थिव देह पहुंची तो परिजनों का सब्र का बांध टूट गया। मां प्रेम देवी ने अंतिम दर्शन की इच्छा जताई। तिरंगे में लिपटे बेटे की देह देखते ही मां बिलखते हुए बेसुध हो गई। रोते बिलखते परिजनों से उन्हें संभाला। शहीद के पिता पूरन सिंह बेटे के पार्थिव देह को एक टक निहारते रहे।

### बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

शहीद के घर से करीब 150 मीटर की दूरी पर स्थित कृषि भूमि पर अंतिम संस्कार किया गया। पिता पूरन सिंह ने बेटे को आखिरी बार नमन किया तो उनके आंसू निकल गए। नेवी के जवानों ने उनको तिरंगा और नेवल कैप सौंपी। बड़े भाई मनेंद्र ने उनको मुखाग्नि दी। इससे पहले मनेंद्र ने छोटे भाई को आखिरी सैल्यूट किया तो उनकी रुलाई फूट पड़ी।

**भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला... मंत्री का ऐलान**

## गोवंश के लिए आवारा शब्द का नहीं 'निराश्रित' होगा इस्तेमाल

**जयपुर।** राजस्थान में गोवंश के लिए अब 'आवारा' शब्द का इस्तेमाल नहीं होगा। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में यह घोषणा की है। कुमावत बुधवार रात विधानसभा में पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विभाग की 15.58 अरब रुपए से अधिक की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी।



### यह किया ऐलान

मंत्री कुमावत ने कहा कि आवारा गोवंश के लिए अब से 'निराश्रित' शब्द का प्रयोग किया जाएगा। इस बारे में बात करते हुए मंत्री जोराराम ने कहा कि राज्य में 250 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। साथ ही, दुधारू पशुओं के साथ अन्य पशुओं को शामिल करते हुए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की जाएगी।

**मौसम का मिजाज**


# रिमझिम से प्रदेश में मौसम खुशनुमा, खिल उठे अन्नदाताओं के चेहरे

- प्रदेश में इस मानसून में अब तक सर्वाधिक बारिश दौसा में
- पूर्वी व पश्चिमी राजस्थान के भागों में अभी जारी रहेगी बारिश
- राजधानी में चारदीवारी सहित बाहरी क्षेत्रों में इंद्रदेव की मेहरबानी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मानसून अपने पूरे शबाब पर है। मेघ प्रदेश के सभी जिलों में जमकर बरस रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के पूर्वी व पश्चिमी भागों में अभी बारिश का दौर जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। मानसून ट्रफ लाइन गुरुवार को गंगानगर, जयपुर से होकर गुजरी जिससे उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश और कहीं-



कहीं भारी वर्षा हुई। अगले 24 घंटे में बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी मेघगर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस मानसून में सर्वाधिक बारिश की बात करें तो दौसा जिला सबसे अव्वल रहा। यहां अब तक 197.0 एमएम बारिश हो चुकी है। सबसे कम बारिश पाली जिले में दर्ज हुई है।

### राजधानी पर छाए मेघ, रुक रुक कर हुई बारिश

मानसून की शुरुआत से राजधानी जयपुर में बारिश का दौर जारी रहा। अलसुबह हुई बारिश के बाद गुरुवार दोपहर में बादलों ने शहर को खूब भिगोया। इस दौरान चारदीवारी के अलावा सी स्कीम, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, मुरलीपुरा, वैशाली नगर, सोडाला और गोपालपुरा क्षेत्र में बारिश हुई। बारिश के कारण राजस्थान यूनिवर्सिटी, बापूनगर, टोंक रोड और विधानसभा के आसपास के इलाके में ट्रैफिक रेंगकर चलता हुआ नजर आया।

### फसलों के लिए अमृत, किसानों की उम्मीदें जगी

जानकारों का मानना है कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश फसलों के लिए अमृत बनकर आई। जिले में सूख रही ज्वार, बाजरा, मक्का, तिल, सोयाबीन आदि फसलों को एक तरह से जीवनदान मिला है। बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल गए। सावन माह के दो दिन बीतने के बाद गुरुवार को सावन में पहली बार रिमझिम की झड़ी लगी। बारिश ने फसलों के साथ किसानों की उम्मीदों को भी जगा दिया है।

## जरूरी खबर

### चिकित्सा महकमे में 50 हजार पदों पर होगी भर्ती



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को विधानसभा में राज्य सरकार को आमजन को समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि इसके लिए वह चिकित्सा विभाग में 50 हजार पदों पर भर्ती कर रही है, जिससे चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ होगी। खींवसर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि इस समय राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती और लक्ष्य प्रदेश के समस्त चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों को शीघ्र भरकर चिकित्सा सेवाओं को बेहतर और सुलभ बनाना है और इसी दिशा में चिकित्सा विभाग के 50 हजार पदों पर भर्ती की जा रही है।

### हाईटेक बनें परिवहन विभाग के उड़नदस्ते

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को परिवहन मुख्यालय से हाईटेक कैमरों से लैस उड़नदस्ता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा सभी विभागों में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की दिशा में कार्य किया जा रहा है। परिवहन विभाग द्वारा भी विभाग की गतिविधियों को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए उदानदस्तों पर डैश कैम एवं इन पर तैनात कार्मिकों की यूनिफॉर्म पर बॉडी कैम लगवाए गए हैं।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लगाया कल्पवृक्ष



**जयपुर।** कांग्रेस के विभाग राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा प्रदेश कांग्रेस वॉर में माउंट आबू के स्वराज संगत चिंतन शिविर में तैयार संकल्प पत्र का विमोचन किया गया एवं संगठन द्वारा सभी जिलों से एकत्रित मिट्टी से अनुष्ठान विधि से कल्पवृक्ष लगाया गया। अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में स्वराज संकल्प पत्र का प्रजेंटेशन देते हुए आरजीपीआरएस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सी.बी.यादव ने बताया कि सर्वोदय संकल्प शिविरों से तैयार सरकारों का वैचारिक कैडर ग्राम स्वराज पदयात्रा, जनसुनवाईसहित रचनात्मक गतिविधियों से जनता की समस्याओं से सीधा संवाद स्थापित करने का संकल्प लिया है।

---

**मदन राठौड़ वर्तमान में राज्यसभा सदस्य... सुमेरपुर से दो बार रह चुके हैं विधायक**

# राठौड़ का RSS प्रचारक से पार्टी प्रदेशाध्यक्ष तक का सफर

**बेधड़क** | जयपुर

बीजेपी ने गुरुवार देर रात नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान कर दिया। नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मदन राठौड़ को चुना गया है, जो पाली की सुमेरपुर विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में राज्यसभा सदस्य है।

मदन राठौड़ पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं। वे पूर्व बीजेपी सरकार यानी वसुंधरा राजे के शासन में सरकारी उप मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं। 68 साल के मदन राठौड़ साइंस में स्नातक है। वर्ष 2003 से 2008 और साल 2013 से 2018 तक



सुमेरपुर विधानसभा से भाजपा के टिकट से विधायक रहे। इसके अलावा चार बार भाजपा के पाली जिलाध्यक्ष पद पर रहे।

### 1970 के दशक में प्रचारक के रूप में शुरू किया था कॅरिअर

मदन राठौड़ का जन्म पाली जिले के रायपुर में हुआ था। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है। वह आरएसएस से भी जुड़े रहे हैं। 1970 के दशक में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में अपना कॅरिअर शुरू किया। फरवरी में भाजपा ने मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया था। वर्तमान में मदन राठौड़ उच्च सदन यानी राज्यसभा के सदस्य भी हैं, यानी राज्यसभा सांसद हैं।

### सीएम और प्रदेशाध्यक्ष दोनों पदों पर ब्राह्मण होने से बदले समीकरण

राजस्थान में सीएम और प्रदेशाध्यक्ष दोनों महत्वपूर्ण पदों पर ब्राह्मण नेताओं के होने से जातिगत समीकरण बदले। पार्टी के चुनावी फॉर्मूले में हमेशा से इन दोनों पदों पर अलग-अलग जाति के नेता को रखा जाता है। इस बार संयोग से दोनों ही पदों पर ब्राह्मण नेता ही हैं। ऐसे में प्रदेशाध्यक्ष पर ओबीसी वर्ग के नेता लाया गया है, ताकि दोनों बड़े पदों का व्यापक असर मतदाताओं में पड़े।

### विस में पार्टी ने नहीं दिया था टिकट

मदन राठौड़ ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने टिकट मांगा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली थी। हालांकि उस वक्त उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन करके काम करते रहने को कहा था। कुछ महीने बाद ही उन्हें राज्यसभा में भेज दिया गया। वहीं अब प्रदेश बीजेपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सीएम भजनलाल ने दी बधाई



मदन राठौड़ को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीएम भजनलाल ने लिखा, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भाजपा राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सीएम ने आगे कहा कि निःसंदेह, राठौड़ के ऊर्जावान नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ प्रदेश में सफलता के नवीन मानक स्थापित करेगी।

---

**विधानसभा में साधु संतों पर टिप्पणी को लेकर हुआ हंगामा**

# कांग्रेस MLA को बालकनाथ बोले- घर से नहीं निकलने दूंगा

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में गुरुवार को साधु-संतों पर टिप्पणी के मामले को लेकर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। सदन में सहकारिता एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग की अनुदान मांगों पर हो रही चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य श्रवण कुमार की बुधवार को सदन में बाबाओं को लेकर की गई टिप्पणी पर बालकनाथ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इस मामले में श्रवण कुमार को माफी मांगनी चाहिए। इसे लेकर सदन में हंगामा हो गया।

कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार के साधु-संतों पर टिप्पणी के बाद गुरुवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। अनुदान मांगों पर श्रवण कुमार के बोलने के दौरान हंगामा और तेज हो गया। इसी बीच भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ ने सदन में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक विधायक माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें तब तक सदन में नहीं बोलने दिया जाएगा। बालकनाथ ने आगे कहा कि आपने इस देश के सनातन धर्म को अपमानित किया है, अगर आप अपने बयान पर दिल से माफी नहीं मांगेंगे तो देश की सभी साधु संतों को विधानसभा में एकत्रित करूंगा और आपके घर तक लेकर आऊंगा। बालकनाथ ने कहा कि वो कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार को घर से बाहर नहीं निकलने देंगे, हालांकि उनके इस बयान के बाद सदन में हंगामा और तेज हो गया। पक्ष-विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बालकनाथ की चेतावनी पर कांग्रेस विधायक श्रवण ने कहा कि वो दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। विवाद बढ़ता देख आसन पर बैठे सभापति संदीप शर्मा ने विधानसभा को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया, उधर 15 मिनट के बाद फिर शुरू हुई विधानसभा की कार्यवाही में हंगामा हो गया, जिसकी वजह से तीसरी बार सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।




### विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की सख्त हिदायत

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायक श्रवण कुमार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को लेकर इस तरह की टिप्पणी भविष्य में वो नहीं करेंगे। उसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। बता दें कि विधायक श्रवण कुमार ने एक दिन पहले विधानसभा में कहा था कि संत समाज ने देश का भट्टा बैठा दिया है।

### यूं बरपा सदन में हंगामा

दरअसल, ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के बाद जैसे ही अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए एक दिन पहले कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की ओर से साधु-संतों पर की गई टिप्पणी पर माफी मांगने की बात कही। सत्ता पक्ष की ओर से की गई इस मांग पर विपक्ष ने इनकार कर दिया गया। कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि सदन में इससे पहले भी कई बार कई ऐसे शब्द बोले गए हैं, जिनको लेकर आपत्ति हुई है। अगर साधु-संतों पर की गई टिप्पणी अमर्यादित है तो विधानसभा अध्यक्ष उसे सदन के कार्यवाही से हटा सकते हैं, जहां तक माफी मांगने की बात है, यह कोई ऐसा बयान नहीं है, जिसको लेकर माफी मांगने के लिए बाध्य किया जाए। उसके बाद सदन में भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ खड़े हुए और उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के लिए भले ही सामान्य बात हो सकती है, लेकिन हम साधु-संतों के लिए नहीं। यह बयान सनातन धर्म का अपमान है। इस बयान से देशभर के साधु-संतों को अपमानित किया गया है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सत्ता पक्ष की ओर से की गई माफी की मांग पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि सदन को इस तरह से हाईजैक नहीं किया जा सकता है। उसके बाद भी सत्ता पक्ष माफी की मांग पर अड़ा रहा। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। करीब 15 मिनट के बाद फिर सदन की कार्यवाही शुरू हुई। उसके बाद भी सदन में हंगामे का दौर जारी रहा। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि आसन इस तरह की टिप्पणी पर कड़ी व्यवस्था ले, ताकि भविष्य में कोई भी सदस्य इस तरह की टिप्पणी कार्यवाही के दौरान न करें।

---

**विधानसभा में बोले सहकारिता राज्य मंत्री...**

## प्रदेश में खोले जाएंगे एक हजार नए कस्टम हायरिंग सेंटर

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री गोतम कुमार ने कहा कि सहकारिता के बिना गरीब कल्याण और अन्त्योदय की कल्पना संभव नहीं है। 'समृद्ध सहकार, खुशहाल किसान' राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी घोषणाएं समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। गोतम कुमार गुरुवार को विधानसभा में सहकारिता विभाग (मांग संख्या-50) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने सहकारिता विभाग की 19 अरब 80 करोड़ 29 लाख 71 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी। उन्होंने ने बताया कि राज्य में विभिन्न प्रकार की 41 हजार सहकारी समितियों के एक करोड़ 35 लाख से अधिक सदस्य हैं। इन समितियों की 21 हजार 480 करोड़ रुपए से अधिक हिस्सा पूंजी व एक लाख 37 हजार 96 करोड़ रुपए से अधिक की कार्यशील पूंजी है। प्रदेश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी सहकारिता विभाग से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि किसानों की अल्पकालीन जरूरतों के लिए इस वित्तीय वर्ष में 23 हजार करोड़ रुपए के फसली ऋण वितरण तथा 5 लाख नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। 24 जुलाई, 2024 तक 24 लाख किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए लेखानुदान में गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। योजना के प्रथम चरण में लगभग 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रुपए तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण पशुपालन, डेयरी से संबंधित गतिविधियों तथा शेड एवं खाली के निर्माण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

### खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार पूर्ण पारदर्शिता, पूर्ण मात्रा और माप-तौल के साथ उपभोक्ताओं को समयबद्ध खाद्यान्न आपूर्ति करने के लिए संकल्पबद्ध है। बीपीएल परिवारों एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के साथ 'डोर-स्टेप-डिलेवरी योजना' शुरू की गई है। राशन विक्रेताओं को हर साल आदर्श राशन विक्रेता प्रशस्ति-सम्मान दिया जाएगा। साथ ही उपभोक्ता संरक्षण विषयक क्षेत्र में बीस साल से बंद युवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र योजना पुनः शुरू की जाएगी। सुमित गोदारा गुरुवार को विधानसभा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात (मांग संख्या 55) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात विभाग की 9 अरब, 61 करोड़, 68 लाख, 20 हजार रुपए की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित कर दी।

---

**'बेचारी मैडम' वाले बयान पर गरमाई सियासत**

## कांग्रेस नेता के बयान पर दिया कुमारी ने किया पलटवार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक अमीन कागजी द्वारा दिए गए 'बेचारी मैडम' वाले बयान पर प्रदेश में सियासत गरमा गई है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को एक वीडियो जारी इस बयान की निंदा की है और विपक्षी नेता को करार जवाब दिया है।

दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस विधायक का यह बयान पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। जब इनकी पार्टी सत्ता में थी, तब भी उनके मंत्री ने विवादित बयान दिए थे कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। आज इनके विधायक महिला वित्त मंत्री को 'बेचारी' कह रहे हैं। इन लोगों को बड़ी आपत्ति है कि कोई महिला वित्त मंत्री कैसे बन गई। भाजपा ने केंद्र और प्रदेश में महिला को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है, उससे कांग्रेस को परेशानी है। इनकी सोच है कि महिला को सिर्फ घर पर बैठना चाहिए, उसे कोई पद नहीं मिलना चाहिए। मैं कांग्रेस नेता के इस बयान की कड़ी निंदा करती हूं।

### क्या कहा था कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने

कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने कहा था कि, 'भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट उन्हीं अधिकारियों ने बनाया है, जिन्होंने गहलोत सरकार में बनाया था। हां, यह जरूर है कि कांग्रेस जो बड़े-बड़े ऐलान करती थी, उनको आपने छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट दिया। मतलब जिसके लिए हम 500-500 करोड़ रुपए जारी करने का प्रस्ताव करते थे, उसी को आपने 5-5 करोड़ में कर दिया, इसीलिए बेचारी मैडम को पौने तीन घंटे खड़ा रहना पड़ा।'

---

**अफसरों की बैठक में वित्त मंत्री बोलीं...**

## 'हमें विरासत को अगली पीढ़ी को दिखाना है'



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में बजट घोषणा और परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पर्यटन, पुरातत्व तथा धार्मिक स्थानों का सुनियोजित विकास कार्य किए जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री के समक्ष इससे पूर्व अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का उच्च आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए नवीनीकरण और सौंदर्यकरण करने के लिए तीन एजेंसियों की ओर से प्रस्तुतिकरण दिया गया। दीया कुमारी ने प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों और एजेंसियों से कहा कि हमें विरासत को अगली पीढ़ी को दिखाना भी और उसे संरक्षित भी करना है।

उन्होंने अल्बर्ट हॉल, आमेर तथा वॉल्ड सिटी जयपुर की धरोहर को संरक्षित करते हुए और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस पर कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

---

**भाजपा महामंत्री का कांग्रेस पर पलटवार**

# धर्म और धार्मिक स्थलों के विकास में BJP नहीं करती राजनीति: गोठवाल

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा महामंत्री और खंडार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा अयोध्या, मेहंदीपुर बालाजी सहित धार्मिक स्थलों से लोकसभा चुनावों पर दिए जा रहे बयानों की निंदा की। गोठवाल ने कांग्रेसी नेताओं के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा धर्म और धार्मिक स्थलों के विकास के नाम पर राजनीति नहीं करती, यह काम कांग्रेसी नेताओं का है। कांग्रेसी नेताओं ने देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटा और सदैव चुनावी वोटबैंक की राजनीति की। कांग्रेस श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों



में दी गई सहयोग राशि को भी वोटबैंक की तुष्टीकरण के लिए समुदाय विशेष पर खर्च कर देती है। उस समय उसे धर्म की मर्यादा और लोककल्याण की भावनाएं दिखाई नहीं देती। भाजपा महामंत्री गोठवाल ने कहा कि भाजपा मंदिरों का विकास जनभावनाओं को ध्यान में रखकर आस्था और श्रद्धा के लिए करवाती है। भाजपा जब जब भी मंदिरों की बात करती है तो सिर श्रद्धा से झुक जाता था। वहीं दूसरी ओर कांग्रेसी नेता और उनके आलाकमान रामसेतु तक के अस्तित्व को लेकर ही सवाल उठा रहे थे, जबकि रामसेतु को तो विज्ञान ने भी मान लिया।

प्रदेश में भजनलाल सरकार ने देवस्थान विभाग की मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के श्रद्धा का केंद्र खाटू श्याम मंदिर के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की घोषणा की,

भाजपा निस्वार्थ भक्तों की श्रद्धा का ध्यान रखते हुए मंदिरों का निर्माण और विकास कार्य करती है। गोठवाल ने कहा कि एक ओर पिछली कांग्रेस सरकार थी जिसने रंगरोगन और मरम्मत के लिए तय किए गए 553 मंदिरों में से 217 मंदिरों में ही रंग रोगन करवाया, जबकि भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 600 मंदिरों को विशेष आयोजनों पर सजाने, रोशनी करने तक के आदेश जारी कर दिए। यह फैसला भाजपा और कांग्रेस के दृष्टिकोण का दर्शाता है। पिछली सरकार ने जन जन के श्रद्धा का केंद्र त्रिनेत्र गणेश भगवान मंदिर में पांच साल के दौरान एक रुपए का काम नहीं करवाया। इसलिए आज वो विपक्ष में और भाजपा सत्ता में बैठी है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान बनेगा आत्मनिर्भर: राठौड़

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ गुरुवार को भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर राज्य बन जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सड़कों का भी लगातार विस्तार हो रहा है। आज ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस-वे की बात हो रही है। राजस्थान सरकार के नेतृत्व में हर विधानसभा में




सड़कों के निर्माण का कार्य आरंभ हो चुका है। हर घर पानी पहुंच रहा है, स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में आप सभी को जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा। जन-जन तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना होगा। आप सभी के सहयोग से ही राजस्थान का विकास होगा।

## जरूरी खबर

### हजरत गट्टे वाले बाबा के दिखी गंगा-जमुनी तहजीब



**जयपुर।** सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल हजरत गट्टे वाले बाबा की मजार पर सालाना उर्स के मौके पर सर्वधर्म के लोगों ने गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करते हुए कव्वाली का आनंद लिया। इस अवसर पर बाबा के आंगन को फूलों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा को चादर पेश की। दरगाह परिवार के सदस्यों के द्वारा गुलाब जल केवड़ा व गंगाजल से बाबा को कुल पेश किया गया। उसके बाद प्रसादी पर भोग लगाया और सभी श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी दी गई। दरगाह गद्दीनशीन खलीफा बाबा अकबर अली शाह की ओर से सभी के हक में दुआ करवाई गई। एक दिन पहले भी कलेक्टर जाकिर हुसैन व हज कमेटी मेंबर हकीम खान, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण कोठत्यो आदि ने बाबा के दरबार में पौधारोपण किया।

### तीन बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

**जयपुर।** भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने गुरुवार शाम को तीन बदमाशों का जुलूस निकाला। बदमाशों को पकड़कर बाजार में निकली पुलिस टीम को देखकर लोगों ने पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए। गिरफ्तार तीनों बदमाशों को शराब दुकान पर तोड़फोड़ कर लूट मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि राकेश हाडा (26) पुत्र जगदीश सिंह निवासी सदर सीकर हाल 9 दुकान करधनी, मोहम्मद अकरम (21) पुत्र अब्दुल सलीम निवासी साबिर कॉलोनी गलतागेट और तनवीर सिंह उर्फ तरुण (24) पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी शिवाजी नगर भट्टाबस्ती हाल खोरा बिसल करधनी को अरेस्ट किया गया है। गिरफ्तार तीनों बदमाशों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में अपराधिक केस दर्ज हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## राजस्थान टीचर पेपर लीक मामले में ED ने महिला को दबोचा

# अपराध की कमाई में अनिल की सहयोगी थी अनीता मीणा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में साल 2022 की सीनियर टीचर सेकंड-ग्रेड प्रतियोगी परीक्षा पेपर लीक मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने नौवीं गिरफ्तारी की है। गुरुवार को इस बात की जानकारी देते हुए ईडी ने बताया कि उसने अनीता कुमारी उर्फ अनीता मीणा को बुधवार को हिरासत में लिया और जयपुर की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत के समक्ष पेश किया, जहां से कोर्ट ने महिला को दो दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने अपने बयान में अनीता मीणा को इस केस के एक अन्य आरोपी अनिल कुमार मीणा की करीबी दोस्त बताया और कहा कि उसने अपराध की आय अर्जित करने में अनिल की सक्रिय रूप से सहायता की और उससे बड़ी मात्रा में नकदी भी प्राप्त की। अनीता मीणा पर इस धन की मदद से अपने नाम पर एक अचल सम्पत्ति खरीदने का भी आरोप है।




### आठ लोगों को बनाया आरोपी

इस मामले में ईडी द्वारा पिछले साल जून और अक्टूबर के महीने में दो बार तलाशी ली गई थी और एक अदालत के समक्ष दो आरोप पत्र दायर किए गए थे। उसमें भूपेंद्र सरन, सुरेश कुमार उर्फ सुरेश साउ, विजय डामोर, पीराराम, पुखराज और अरुण शर्मा सहित गिरफ्तार किए गए आठ लोगों को आरोपी बनाया गया है।

### छह आरोपी पहले ही गिरफ्तार

मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला राजस्थान पुलिस की एक एफआईआर से उपजा है जो उसने राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा, अनिल कुमार मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज की थी। ईडी के अनुसार कटारा, मीणा और छह अन्य आरोपियों को जांच एजेंसी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी का आरोप है कि अनिल कुमार मीणा ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 'वरिष्ठ शिक्षक द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा, 2022 का प्रश्नपत्र लीक किया और इसे उम्मीदवारों को उपलब्ध कराते हुए बदले में उनसे पैसा लेकर आपराधिक धन जमा किया।





## जुलाई से सितंबर के बीच चुनाव और कार्यालय का उद्घाटन

# शिक्षा विभाग के कैलेंडर में खुशी की खबर, छात्रसंघ के चुनाव होंगे!

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में छात्र संघ चुनाव का इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी वार्षिक कैलेंडर में छात्रसंघ चुनाव और कार्यालय उद्घाटन का जिक्र किया है। राज भवन के अनुमोदन के बाद गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समान मॉडल एकेडमी एवं अवकाश कैलेंडर जारी किया गया है।

इस कैलेंडर में राजस्थान में जुलाई से सितंबर के बीच छात्र संघ चुनाव और कार्यालय उद्घाटन का जिक्र है। इसके बाद छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र नेताओं ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की है। उच्च शिक्षा विभाग ने एकेडमिक कैलेंडर में एडमिशन से लेकर रिजल्ट तक के प्रारूप की जानकारी दी है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है। कि राजस्थान सरकार जल्द चुनाव को लेकर सकारात्मक फैसला कर सकती है।



Higher Education (Gr.-4) Department
Secretariat, Jaipur
Academic Calendar: 2024-25

| S. No. | Schedule | Date |
|---|---|---|
| 1. | Releasing of Prospectus | 15 May, 2024 |
| 2. | Inviting applications for UG & PG Admission | 01 June, 2024 to 15 June, 2024 |
| 3. | PG Admission Test (Wherever applicable) | 18 June, 2024 to 24 June, 2024 |
| 4. | UG/PG admission Final List | 29 June, 2024 |
| 5. | Commencement of Academic Session/Classes | 01 July, 2024 |
| 6. | University Convocation | To be announced later on |
| 7. | Student Union Election/ Student Union Office Inauguration | As per the date to be notified by the State Government |
| 8. | Odd Semester/ Annual examination Application | 02 September, 2024 to 30 September, 2024 |
| 9. | Dussehra Holiday | 10 October, 2024 to 13 October, 2024 |
| 10. | Diwali Break | 25 October, 2024 to 03 November, 2024 |
| 11. | Odd Semester Examination | 16 December, 2024 to 28 December, 2024 |
| 12. | Winter Vacation | 25 December, 2024 to 31 December, 2024 |
| 13. | Even semester commencement | 01 January, 2025 |
| 14. | Odd semester Examination Result | Latest by 30 January, 2025 |
| 15. | Even semester examination application | 10 February, 2025 to 17 February, 2025 |

### विशेष कमेटी ने तैयार किया खाका

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक कैलेंडर के निर्माण के लिए विशेष कमेटी का गठन किया गया था। जिसने प्रदेश में संचालित यूनिवर्सिटीज और कॉलेज के सालाना एडमिशन से लेकर रिजल्ट तक की प्रक्रिया का खाका तैयार किया गया है। इसमें वार्षिक अवकाश के साथ ही सेमेस्टर परीक्षाओं का जिक्र भी है। हालांकि, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए कैलेंडर में चुनाव कराने को लेकर किसी तारीख पर कोई फैसला नहीं किया गया है। बल्कि, जुलाई से सितंबर महीने के बीच सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन की तारीख पर चुनाव कराने का जिक्र किया गया है। ऐसे में अब आम छात्रों को सरकार द्वारा चुनाव की तारीख के ऐलान का इंतजार है।




### युवाओं की आवाज मजबूत करेगी सरकार

छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा कि राजस्थान के लाखों स्टूडेंट चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने राजभवन के अनुमोदन के बाद वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। उसमें भी चुनाव का जिक्र किया है हमें पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि, विश्वास है कि राजस्थान सरकार युवाओं की आवाज को मजबूत करते हुए चुनाव का आयोजन करेगी।

### पिछले साल स्थगित कर दिए गए थे चुनाव

दरअसल, राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार ने पिछले साल छात्र संघ चुनाव स्थगित कर दिए थे। इसके बाद प्रदेशभर में युवाओं में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इस साल भी छात्र संघ चुनाव को लेकर सरकार ने कोई फैसला नहीं किया है, लेकिन प्रदेशभर में चुनाव की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। ऐसे में जल्द ही सरकार चुनाव को लेकर अंतिम फैसला कर सकती है।

## मेंटेनेंस के कारण की जाएगी कटौती

# राजधानी के 30 इलाकों में आज रहेगी बिजली-बंद



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में गुरुवार को मेंटेनेंस के कारण पुराने शहर के सिटी पैलेस, जंतर मंतर, जनता मार्केट समेत 30 से अधिक इलाकों में कटौती होगी। बिजली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में बंद रहेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जलेबी चौक, चांदनी चौक, सिटी पैलेस, जन्तर-मन्तर, आतिश मार्केट, शार्दुल सिंह की नाल, चीनी की बुर्ज, गोविन्द देव मंदिर प्रकाश बेंड, जनता मार्केट, सब्जी मंडी ग्लोब ट्रांसपोर्ट, रामप्रकाश सिनेमा, खवास जी का रास्ता, भट्टो की गली, सिरड्योढी बाजार, और बक्सी हेमराज की गली में बंद रहेगी। इसी प्रकार कामा हाउस, बादल महल, बड़ी चौपड़, माणक चौक, फूटा खुर्रा, धाभाई जी का खुर्रा, फूलो का खंदा, जगनाथ शाह का रास्ता, रामगंज बाज़ार, द पैलेस स्कूल, सिटी पैलेस, रामगंज बाजार, लाडली जी का खुर्रा फुट्टा खुर्रा, धाभाई जी का खुर्रा, अमानीशाह दरगाह, हरी नगर, चौधरी डेयरी, किशन बाग, विशाल सिंह बारिंग, स्वर्ण जयंती गार्डन और आस पास काटी जाएगी। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शिवाजी नगर, भट्टा बस्ती, सेक्टर 5, 90 फिट रोड, बिलाल मस्जिद और आस पास बिजली बंद रहेगी।

## वैशाली नगर, खातीपुरा और झोटवाड़ा में जेडीए की कार्रवाई

# 4 किलोमीटर एरिया में तोड़े 220 अवैध निर्माण

**एजेंसी** | मुंबई

जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को शहर के वैशाली नगर, खातीपुरा और झोटवाड़ा क्षेत्र में जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने 4 किलोमीटर क्षेत्र में 200 से ज्यादा अवैध अतिक्रमण और निर्माण ध्वस्त किए। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आज जोन-6 और 7 में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वैशाली नगर, खातीपुरा, झोटवाड़ा, पुरानी चुंगी क्वीन्स रोड़ से खातीपुरा होते हुए लता सर्किल तक रोड़ के दोनों तरफ लगभग 4 किलोमीटर क्षेत्र में दुकानों, मकानों के आगे अवैध तरीके से बने चबूतरे, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, टीन शेड, लोहे के ऐंगल, चाय नास्ते की थड़ियां, ठेले, तिरपाल, लोहे की रेलिंग, जालियां, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड, समेत लगभग 220 से ज्यादा स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को हटाया गया है। वहीं, अब प्रवर्तन दस्ते द्वारा 29 जुलाई को एसएमएस हॉस्पिटल से नारायण सिंह सर्किल, त्रिमूर्ति सर्किल, जेके लोन से बांगड़ अस्पताल तक लगभग 3 किलोमीटर क्षेत्र और आखिर में गोपालपुरा बायपास से रामबाग सर्किल तक लगभग 4.5 किलोमीटर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुर विकास प्राधिकरण पहुंच शहर में हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नाराजगी जाहिर कर अधिकारियों को लताड़ लगाई थी। उसके बाद अब जेडीए की टीम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पूरे शहर में अभियान के तहत कार्रवाई कर रही है।



## सीजे एमएम श्रीवास्तव ने किया ई-सुविधा केन्द्र का उद्घाटन

# HC में अब रियायती दरों पर ई-फाइलिंग

### बार ने कहा-फिजिकल फाइलिंग बंद हो, तभी पक्षकार को फायदा

**एजेंसी** | मुंबई

हाई कोर्ट की जयपुर बैंच में गुरुवार को सीजे एमएम श्रीवास्तव ने ई-सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। इस ई-सुविधा केन्द्र में रियायती दरों पर कोई भी अधिवक्ता और पक्षकार अपने मामलों की ई-फाइलिंग कर सकते हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाई कोर्ट ने 1 जुलाई से डिवीजन बैंच (खंडपीठ) में लगने वाले सभी मामलों की ई-फाइलिंग अनिवार्य कर दी थी। वहीं, आगामी 1 अगस्त से सिविल कैसेज की भी ई-फाइलिंग अनिवार्य हो जाएगी। ई-सुविधा केन्द्र को लेकर रजिस्ट्रार सीपीसी बालकृष्ण गोयल ने बताया कि ई-सुविधा केन्द्र शुरू होने के बाद अब अधिवक्ताओं को कोर्ट परिसर में ही एक छत के नीचे ई-फाइलिंग की सुविधा मिलेगी। इस केन्द्र से रियायती दरों पर अधिवक्ता ई-फाइलिंग व ई-डाउनलोडिंग कर सकेंगे।



उधर, फि ई-सुविधा केन्द्र के उद्घाटन पर हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा ने कहा कि पेपरलेस होने की दिशा में ई-फाइलिंग एक अच्छा कदम है, लेकिन पक्षकारों को इसका पूरा फायदा तभी मिलेगा जब ई-फाइलिंग के साथ-साथ फिजिकल फाइलिंग की अनिवार्यता बंद हो। उन्होने कहा कि ई-फाइलिंग शुरू होने के बाद भी हाई कोर्ट में फिजिकल फाइलिंग करना अनिवार्य हैं। ऐसे में पक्षकारों पर इसका डबल भार पड़ रहा है। हमने हाई कोर्ट बार की ओर से प्रार्थना पत्र लिखकर मांग की है कि पक्षकारों की सुविधा के लिए हाई कोर्ट प्रशासन फिजिकल फाइलिंग की अनिवार्यता को बंद करे।

## 101 यात्री 7 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर

# महावीर के सिद्धांतों का प्रचार करने निकले जैन समाज के लोग

**बेधड़क** | जयपुर

दिगंबर जैन पद यात्रा संघ के तत्वावधान में 7 दिवसीय धार्मिक यात्रा दल संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन और यात्रा के मुख्य संयोजक अमर चंद दीवान खोराबीसल के नेतृत्व में गुरुवार को भट्टारक जी की नसियां से भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ रवाना हुई। दल में शामिल 101 यात्रियों को लेकर 2 वातानुकूलित बसें भट्टारक जी की नसियां से रवाना हुई। इससे पहले नसियां स्थित मंदिर में सामूहिक देव दर्शन के बाद सूर्य प्रकाश छाबड़ा के निर्देशन में विश्व के सब जीवों के कल्याण की कामना करते हुए मंगल प्रार्थना की गई।




### दल के सदस्यों का किया सम्मान

धार्मिक यात्रा के नेतृत्व के लिए संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन, धार्मिक यात्रा के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल, संयोजक सुरेश ठोलिया, प्रकाश गंगवाल, सूर्य प्रकाश छाबड़ा, विनोद जैन कोटखावदा, सलिल जैन, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, मैना बाकलीवाल, राज कुमार बडजात्या, देवेन्द्र गिरधरवाल, जिनेन्द्र जैन, विक्रम जैन का समाज की ओर से गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने तिलक, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

### श्री जी की सामूहिक आरती की

श्री जी की सामूहिक आरती के बाद यात्रा दल को दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के अध्यक्ष राज कुमार कोठारी एवं मुनि संघ सेवा समिति जयपुर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अशोक जैन नेता, महेश काला, प्रदीप जैन, मनीष बैद, सुभाष बज, सुधीर गंगवाल, नवीन जैन ने यात्रियों को शुभकामनाएं दी तथा बसों को जयकारों के बीच रवाना किया।



## जरूरी खबर

### बामनी नदी में पैर फिसलने से किसान की मौत



**धौलपुर**। जिले के बाड़ी सदर थाना इलाके के गांव निधारा में खेतों पर गए एक किसान की बामनी नदी में पैर फिसलने से मौत हो गई। किसान को बामनी नदी में डूबते हुए आस-पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने देखा तो वह मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से किसान को बाहर निकाला और उसे बाड़ी चिकित्सालय पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रदेश के पूर्व डीजीपी जेके बालानी का निधन

**जोधपुर**। प्रदेश के पूर्व डीजीपी जेके बालानी का गुरुवार को निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर छा गई। मरणोपरांत उनके नेत्रदान भी करवाए गए। पूर्व पुलिस महानिदेशक जेके बालानी को अंतिम विदाई से पहले कई पुलिस अधिकारियों, समाज बंधुओं ने पुष्प चक्र, मालाएं चढ़ाकर विदाई दी। सिंधी स्वर्गाश्रम पर उनके पुत्र राजीव बालानी ने मुखाग्नि दी एवं राजस्थान पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी गई। उनका जन्म सन 1953 में सिंध मे हुआ था। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका हैं।

### न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी भूमिका पर सेमिनार कल



**जोधपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटेनियम जुबली उत्सव के अंतर्गत 27 जुलाई को डालीबाई के मंदिर के पास स्थित अमृतम पैलेस में सुबह 11 बजे एक सेमिनार आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया व महासचिव शिवलाल बरवड़ ने बताया कि न्याय प्रणाली के सशक्तीकरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर आयोजित इस सेमिनार के मुख्य वक्ता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे, जबकि अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति पंकज मित्तल व न्यायाधिपति संदीप मेहता, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव व पूर्व न्यायाधीश एसएस शिंदे होंगे।

## पुलिस पूछताछ में पांच बदमाशों ने उगले राज... लूट के इरादे से ट्रैक पर डाल दिए थे सरिये

# असारवा-जयपुर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश का खुलासा

**बेधड़क** | डूंगरपुर

जिले की सदर थाना पुलिस ने गत 21 जुलाई को असारवा-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन को सिदडी खेरवाड़ा गांव के पास ट्रैक पर लोहे के सरिए डालकर डिरेल करने की कोशिश मामले का गुरुवार को खुलासा कर दिया।

पुलिस ने मामले में 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है, वहीं एक बाल अपचारी को डिटेन किया है। बदमाशों ने ट्रेन को डीरेल करके लूट की वारदात को अंजाम देने की मंशा से वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर एसपी मोनिका सैन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 21 जुलाई की रात को असारवा से जयपुर जा रही ट्रेन को सदर थाना क्षेत्र के सिदडी खेरवाड़ा गांव के पास ट्रैक पर लोहे के सरिए डालकर डीरेल करने की कोशिश अज्ञात बदमाशों ने की थी। रेलवे की ओर से दर्ज करवाए मामले की जांच के लिए एएसपी निरंजन चारण के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीम को जांच के दौरान सफलता हाथ लगी।

### 5 बदमाश अरेस्ट, एक बाल अपचारी डिटेन

पुलिस टीम ने ददोडिया निवासी निलेश पुत्र कारुलाल कटारा, अविनाश पुत्र नारायणलाल कटारा, रोहित पुत्र बाबूलाल कटारा, अजय पुत्र जीवा कटारा और मुकेश पुत्र लक्ष्मण अहारी के साथ एक नाबालिग को डिटेन किया। डिटेन किए गए आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बाल अपचारी को भी डिटेन किया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि ट्रेन की सवारियों से लूट की मंशा से उन्होंने ये योजना बनाई थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



### शराब पीने के बाद कुएं से लाए थे सरिये

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मोटर साइकिल सवार और कार चालकों से लूटपाट करते थे, लेकिन इससे अधिक राशि नहीं मिलती थी। अधिक पैसे वाले बनने की फिराक में शराब पीने के बाद ददोड़िया श्मशान घाट के पास बैठकर ट्रेन को डिरेल करके यात्रियों से लूट की योजना बनाई।

### क्या था मामला

गुजरात-असारवा से जयपुर जा रही करीब दो हजार यात्रियों से भरी रेल को लूटने के इरादे से रेलवे ट्रेक पर बदमाशों ने सरिये बिछाए थे ताकि ट्रेन पलट जाए। इसके लिए बड़ली पुल के पास नदी में सार्वजनिक निर्माणाधीन कुएं के पास पड़े लोहे के 12-12 फीट लंबाई एवं 12 एमएम मोटाई के 20 से 22 सरिये लाकर पटरी पर रख दिए थे। इसके बाद बदमाशों ने अपने साथियों को भी छैला खेरवाड़ा बुला लिया था। इसी बीच पटरियों पर कुछ होने के आभास पर लोको पायलट की सजगता से रेल छैली खेरवाड़ा आकर रूक गई। जिस पर रोहित, अजय उर्फ बावा, मुकेश व विधि से संघर्षरत बालक भागकर पहाड़ी पर चढ़ गए एवं नीलेश व अविनाश बाइक लेकर भाग गए।

## गैंगस्टर के खिलाफ देशभर में 100 से अधिक आपराधिक केस दर्ज

# लॉरेंस विश्नोई का साथ देने वाला खूंखार गैंगस्टर जग्गू गिरफ्तार

**बेधड़क** | दौसा

दौसा जिले की मेहंदीपुर बालाजी पुलिस ने क्यूआरटी, आईजीपी जयपुर रेंज जयपुर की क्यूआरटी और जिला स्पेशल टीम द्वारा कुख्यात गैंगस्टर जगदीप उर्फ जग्गू भगवानपुरिया को सेंट्रल जेल बठिंडा (पंजाब) से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर जगदीप उर्फ जग्गू हत्या, हत्या का प्रयास, हथियारों की खरीद-फरोख्त, मादक पदार्थों की तश्करी का आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक केस दर्ज हैं, जिसके चलते जग्गू अंतरराष्ट्रीय स्तर का गैंगस्टर भी है।

दौसा जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी थानाधिकारी गौरव प्रधान के नेतृत्व में पुलिस थाना बालाजी, क्यूआरटी, आईजीपी जयपुर रेंज जयपुर की क्यूआरटी, जिला स्पेशल टीम बनाकर कुख्यात गैंगस्टर जगदीप उर्फ जग्गू भगवानपुरिया को सेंट्रल जेल बठिंडा (पंजाब) से गिरफ्तार किया है। मामला जून, 2024 का है, जब मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस को सूचना मिली कि जग्गू गैंग का एक आदमी हथियारों के साथ किसी वारदात की फिराक में मेहंदीपुर बालाजी आया हुआ है। इसके चलते एएसआई शीशराम सहित जाब्ता बालाजी कस्बा की तरफ पहुंचा तो एक व्यक्ति हेलिपैड की तरफ रास्ते में खड़ा हुआ दिखाई दिया, जिसके हाथ में एक कैरी बैग था। पुलिस को देखकर वो घबराकर भागने लगा तो पुलिस जाब्ते ने उसे घेर लिया। जब शख्स का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जशनप्रीत सिंह पुत्र सरदूल सिंह सिख उम्र 19 साल निवासी गुरु की बडाली पुलिस थाना छेहरटा अमृतसर जिला अमृतसर का बताया। इसके चलते उसे गिरफ्तार कर लिया। क्योंकि अभियुक्त के कब्जे से चार पिस्टल मैंगजीन लगी हुई और दो मैगजीन अलग व 18 जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त भी किए गए थे। इसी पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की तो अभियुक्त से पूछताछ की तो जशप्रीत सिंह ने खुद को जगदीप उर्फ जग्गू भगवानपुरिया गैंग का सदस्य होना बताया। जग्गू भगवानपुरिया गैंग के लिए हथियारों की सप्लाई भी करता था। उसके बाद 24 जुलाई 2024 को पुलिस थाना बालाजी, क्यूआरटी, आईजीपी जयपुर रेंज जयपुर की क्यूआरटी, जिला स्पेशल टीम द्वारा कुख्यात गैंगस्टर जगदीप उर्फ जग्गू भगवानपुरिया को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है।




### 7 दिन की पुलिस रिमांड पर

मेहंदीपुर बालाजी थाना अधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया को भटिंडा से दौसा लाया है। उसकी गिरफ्तार करने के बाद अब उसे सिकराय कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से न्यायालय ने गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। जग्गू से राजस्थान में उसके रैकेट से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। राजस्थाव में उसका पूरा नेटवर्क खंगालने की कोशिश होगी।

### मूसेवाला मर्डर केस का आरोपी है गैंगस्टर

आरोपी जसनप्रीत सिंह के तार गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया से जुड़ने के बाद दौसा एसपी ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया। एसपी रंजीता शर्मा के निर्देश पर क्यूआरटी, जिला स्पेशल टीम और मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस पंजाब के भटिंडा पहुंची। सेंट्रल जेल से गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया को गिरफ्तार कर लिया गया। जग्गू भगवानपुरिया गैंग से सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड को लेकर भी देश की विभिन्न एजेंसियां पूछताछ कर चुकी हैं।

## कोर्ट ने 48 हजार जुर्माना भी लगाया

# नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा



**बेधड़क** | अजमेर

पॉक्सो कोर्ट संख्या एक ने गुरुवार को 13 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 48 हजार का जुर्माना भी लगाया है। पॉक्सो कोर्ट संख्या एक के विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेंद्र परिहार ने बताया कि पीड़िता के परिवार ने सरवाड़ थाने में शिकायत दी थी। 11 मार्च, 2023 को धूलंडी के दूसरे दिन नाबालिग अचानक गायब हो गई, जिसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

गांव के लोगों ने बताया कि प्रधान नाम का व्यक्ति उसे लेकर गया है। शक के आधार पर सरवाड़ थाने में केस दर्ज करवाया था। सरवाड़ थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश की थी। पुलिस ने नाबालिग को एक होटल से दस्तयाब किया गया था। धारा-161 और 164 के बयान करवाए गए। पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि आरोपी उसके गांव में आता-जाता था। मोबाइल पर उससे बातचीत होती रहती थी। धुलंडी के दूसरे दिन आरोपियों से रात्रि में घर के बाहर बुलाया और मोटर साइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गया, जहां अलग-अलग होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। जहां पीड़िता के साथ डीएनए-एफएसएल की रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

### 20 गवाह और 39 दस्तावेज पेश

पॉक्सो कोर्ट संख्या एक में गुरुवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 20 गवाह और 39 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायालय ने डीएनए और एफएसएल रिपोर्ट की में पुष्टि होने पर आरोपी प्रधान पुत्र को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 48 हजार का आर्थिक दंड जुर्माना लगाया। पीड़िता को छह लाख पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत दिलवाने के आदेश दिए हैं।

### न्यायाधीश ने की टिप्पणी

इस मामले में न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि 13 साल के कम आयु की बालिका के साथ आरोपी उसके माता-पिता के बिना सहमति के बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसे देखते हुए अपराधी के विरुद्ध नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

## नाराज परिजनों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

# सड़क हादसे में महिला की मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के वॉटर वर्क चौराहे पर गुरुवार शाम को नगर परिषद के सफाई कर्मियों से भरे टेंपो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए।

महिला की मौत के बाद अक्रोशित सफाई कर्मियों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। करीब 4 घंटे तक चले हंगामे के बीच पुलिस और सफाई कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, एसडीएम साधना शर्मा और नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह द्वारा सफाई कर्मियों से समझाइश कर मामले को शांत कराया गया।



# बिजली का तार टूटकर गिरा, मां-बेटी की मौत

**कोटा**। रामगंजमंडी के देवली गांव में बारिश के कारण बिजली का तार टूटकर मकान पर गिर गया। मकान में करंट फैलने से मां बेटी की मौत हो गई। सुबह लोगों को दोनों के शव सीढ़ियों में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस, प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

चेचट एसएचओ मनसीराम बिश्नोई ने बताया कि देवली गांव मे एक मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। मकान के पास ही बिजली पोल लगा हुआ है। देर रात को तेज बारिश हुई। इस बीच पोल का तार टूटकर मकान पर गिर गया। इस कारण मकान मे करंट फैल गया। मकान में महिला राजेश शर्मा (43) और उसकी बेटी ज्योति (21) थी। जो करंट की चपेट मे आ गई। सुबह एक महिला ने मकान के अंदर सीढ़ियों पर दोनों के शव देखे। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर तहसीलदार राहुल वर्मा, चेचट एसएचओ मनसीराम बिश्नोई और बिजली अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# पीटीआई खेल मैदान में गिरा, मौत

**खेतड़ी (नीमकाथाना)**। सिहोड़ के स्कूल के शारीरिक शिक्षक का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शिक्षक सवाई माधोपुर जिले का रहने वाला था, जो 8 साल से सिहोड़ में तैनात था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। हेड कांस्टेबल शैतान सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा तहसील के जगमोदा गांव का निवासी बुद्धिप्रकाश मीणा (44) खेतड़ी उपखंड के सिहोड़ की उच्च माध्यमिक स्कूल में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत था।

## कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ

# कारगिल विजय दिवस पर ट्रैक्टरों-बुलेट पर निकाली तिरंगा वाहन रैली

**बेधड़क** | बाड़मेर

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर गुरुवार को सीमाजन कल्याण समिति और थार के वीर संस्थान की ओर से जिला मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान से तिरंगा वाहन रैली निकाली गई।

रैली में थार गाड़ियां, ट्रैक्टर, बुलेट बाइक शामिल हुई। देशभक्ति गीतों की धुन के साथ रैली शहर मुख्य मार्गों से निकली। इस दौरान युवा हाथों में तिरंगा लिए साथ चले। रैली का समापन सिणधरी सर्किल शहीद स्मारक पहुंचकर हुआ। सीमाजन कल्याण समिति के जिला प्रचार प्रमुख रघुवीर सिंह तामलोर ने बताया कि सीमाजन कल्याण समिति और थार के वीर संस्थान की ओर से तिरंगा वाहन रैली निकाली गई है। रैली में नवीन ट्रैक्टर से 25 ट्रैक्टर, 50 बुलेट बाइक शामिल हुई। सबसे आगे डीजे और फिर बीएसएफ के वाहन रहे। इस तिरंगा रैली को युवा उद्यमी जोगेंद्र सिंह चौहान, सीमाजन कल्याण समिति के प्रदेश मंत्री सुरेश चौधरी, सृजन फाउंडेशन की संयोजक इंदु तोमर, जिलाध्यक्ष मोतीराम हेगड़े, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अम्बालाल जोशी ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया।



### जगह-जगह पर फूल बरसाकर किया रैली का स्वागत

तिरंगा वाहन रैली का शहर के हाई स्कूल से रवाना होकर रॉय कॉलोनी, किसान बोर्डिंग, कलेक्टर बंगला, रॉय कॉलोनी रोड, तनसिंह सर्किल, गांधी चौक, मुख्य बाजार होते हुए सिणधरी सर्किल शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह रैली का फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

### सभी को निकालनी चाहिए तिरंगा रैली: वीरांगना

शहीद भीखाराम की वीरांगना भंवरी का कहना है कि मेरी पति 1999 में ऑपरेशन विजय में शहीद हुए थे। 25 दिन तक कैद करके रखा था। उनके सारे शरीर के अंग भंग कर दिए थे, लेकिन मुझे गर्व है कि मैं शहीद की पत्नी हूं। मेरे बेटे को भी यह शिक्षा देती हूं कि देश सेवा सबसे पहले है। कारगिल विजय दिवस पर तिरंगा रैली सभी को निकालनी चाहिए। यह हमारे भारत का महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन लोगों में जोश और जज्बा अंदर से होना चाहिए।

## बच्चों ने देखी सैन्य उपकरणों एवं हथियारों की प्रदर्शनी

**बेधड़क** | जोधपुर

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना द्वारा शिकारगढ़ रोड पर लाल मंदिर के पास सैन्य उपकरणों एवं हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नजदीक से भारतीय सेना की ताकत को देखा। कारगिल युद्ध में भारत की विजय के उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। इस वर्ष कारगिल विजय दिवस (रजत जयंती महोत्सव) के अवसर दो दिवसीय सैन्य उपकरणों एवं हथियारों को शिकारगढ़ रोड पर लाल मंदिर के पास सुबह नौ से शाम चार बजे तक प्रदर्शित किया गया है।



इस प्रदर्शनी का उद्देश्य हमारे सशस्त्र बल कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान का सम्मान करना है जिन्होंने वीरता और बलिदान के साथ हमारे देश की सीमाओं की रक्षा की। प्रदर्शनी के पहले दिन अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सैन्यकर्मियों ने उन्हें सैन्य उपकरणों एवं हथियारों के बारे में जानकारी दी। प्रदर्शनी शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

पेरिस ओलंपिक गेम्स की विधिवत शुरुआत आज से, भारत की तीरंदाजी टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

# पहले दिन ही भारत का जलवा, क्वार्टर फाइनल में मिली एंट्री



एजेंसी | पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने अपने जीत के अभियान का आगाज तीरंदाजी से कर दिया है। वुमेंस के बाद मेंस आर्चरी टीम रैंकिंग राउंड में अपना करिश्मा दिखाया है।

पुरुष तीरंदाजी टीम में धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण शामिल हैं। इनमें धीरज का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। ये इंडिविजुअल के साथ-साथ टीम के तौर पर भी खेल रहे हैं। महिलाओं में दीपिका कुमारी समेत भजन कौर और अंकिता भक्त ने वुमेंस इंडिविजुअल रैंकिंग राउंड में हिस्सा लिया और इसके रिजल्ट सामने आ गए। शीर्ष पर कोरिया की लिम सिहयोन हैं, जिन्होंने 694 का स्कोर किया और वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। दूसरे नंबर पर कोरिया की ही एनएएम सुहयोन हैं, जिन्होंने 688 स्कोर किया, जो उनका पर्सनल बेस्ट है।

### 36 तीर निशाने पर लगाए गए

पुरुष तीरंदाजों ने 72 में से 36 तीर निशाने पर लगाए। इस इवेंट में भारत की ओर से तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव मैदान में हैं। तरुणदीप राय 337 स्कोर के साथ 14वें स्थान पर हैं। उनका प्रदर्शन अब तक सबसे अच्छा रहा है। वहीं, धीरज 335 स्कोर के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अच्छी शुरुआत हुई, लेकिन वह इसे जारी नहीं रख सके। प्रवीण जाधव 328 स्कोर के साथ 37वें स्थान पर हैं।

तीसरे नंबर पर चीन की YANG Xiaolei हैं। उन्होंने 673 का स्कोर किया। भारत की अंकिता भक्त देश की टॉपर रहीं। उन्होंने 666 का स्कोर किया और रैंकिंग राउंड को नंबर 11 पर खत्म किया। भजन कौर 22वें स्थान पर रहीं। उनका स्कोर 659 था। वहीं, दीपिका कुमारी ने 23वां स्थान हासिल किया। उनके अंक 658 थे। अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को क्वॉर्टर फाइनल का टिकट दिलाया है। टीम रैंकिंग के हिसाब से भारत ने इस राउंड को चौथे स्थान पर खत्म किया। भारत के 1983 अंक रहे, जबकि कोरिया ने 2046 अंकों के साथ टॉप किया।

### तीरंदाजी में इस स्थान पर हैं धीरज




तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं। अनुभवी तरुणदीप राय 31वें स्थान पर हैं। ओलंपिक में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करते हुए, भारत के प्रवीण जाधव पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर हैं।

ओलिंपिक के पहले इवेंट में विवाद, दरवाजे बंद करके मैच पूरा हुआ

## फुटबॉल मैच में खिलाड़ियों पर बोतलें फेंकी

**पेरिस।** ओलिंपिक 2024 के पहले ही मुकाबले में विवाद भी सामने आया। सबसे बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की शुरुआत अर्जेंटीना-मोरक्को फुटबॉल मैच के साथ हुई। लेकिन मुकाबले के दौरान मोरक्को के फैंस अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बोतलें फेंकने लगे और मैदान पर उतर आए। विवाद के कारण इस मुकाबले को करीब दो घंटे तक रोकना पड़ा। विवाद एक्स्ट्रा टाइम में हुआ, जब 90+16वें मिनट में क्रिस्टियन मदीना ने गोल कर अर्जेंटीना को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। लेकिन, मदीना ऑफ साइड थे और रेफरी ने इसे रद्द करार दिया। सेंट एटीने के ज्योफ्री गुइचर्ड स्टेडियम में इस मुकाबले को मोरक्को ने 2-1 से जीता। टीम ने दो बार की गोल्ड मेडलिस्ट अर्जेंटीना को पटखनी दी।

### रेफरी ने मेदिना के गोल को रद्द किया

अर्जेंटीना खिलाड़ी मेदिना के 90+16वें मिनट में किए गए गोल को रेफरी ने ऑफसाइड करार देते हुए रद्द कर दिया। जिससे मोरक्को की टीम इस मुकाबले को 2-1 से जीतने में कामयाब हो गई। मैच के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों और फैंस का गुस्सा भी देखने को मिल रहा है। अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा 'अजीब' है। हंगामें के बाद ऐसा लगा कि मैच का फुल टाइम पूरा हो चुका है। यहां तक कि FIFA की ऑफिशियल वेबसाइड पर भी मैच का फुल टाइम दिखा दिया गया। हालांकि, मैच रुकने के 2 घंटे बाद खिलाड़ियों को वापस मैदान पर बुलाया गया और वार्म-अप करा कर 3 मिनट का खेल कराकर मैच को पूरा किया गया।



### बिना फैंस के ही पूरा कराया गया मैच

सौफियान रहीमी के दो गोल से मैच में एक समय मोरक्को की टीम ने 2-0 से मुकाबले में बढ़त बना रखी थी। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी गिउलिआनो शिमोन ने 68वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। वहीं 90+16वें मिनट में क्रिस्टियन मदीना ने गोल करने के साथ अर्जेंटीना को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। हालांकि, यह गोल बाद में ऑफ साइड होने की वजह से रद्द कर दिया गया। मैच बराबरी पर आने के बाद स्टेडियम में मैच देखने आए मोरक्को के फैंस ने अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बोतलें फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ फैंस मैदान पर भी घुस आए, जिनको पुलिस ने पकड़कर मैदान से बाहर किया और पूरे स्टेडियम खाली करवाया गया। वहीं खिलाड़ियों को भी मैदान से बाहर बुला लिया गया। 2 घंटे बाद मैच फिर शुरू किया गया और बिना फैंस के ही पूरा कराया गया।

PARIS 2024

### ओलंपिक 2024

2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन फ्रांस के पेरिस में हो रहा है। ओलंपिक 2024 का आधिकारिक ब्रांडेड नाम पेरिस 2024 है। इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच हो रहा है। ओपनिंग सेरेमनी 26 जुलाई को होनी है, जबकि कुछ प्रतियोगिताएं 24 जुलाई को शुरू हो रही हैं। ओलंपिक 2024 की मेन होस्ट सिटी पेरिस है, लेकिन इसके इवेंट्स मेट्रोपॉलिटन फ्रांस के कुल अन्य 16 शहरों में भी हो रहे हैं। 2017 में पेरिस को ओलंपिक 2024 की मेजबानी सौंपी गई थी। पेरिस ओलंपिक 2024 में दुनियाभर से कुल 10,672 एथलीट्स हिस्सा ले रहे हैं, जहां 32 खेलों के कुल 329 इवेंट्स हो रहे हैं। भारत की ओर से कुल 113 एथलीट 16 अलग-अलग स्पोर्ट्स इवेंट्स में हिस्सा ले रहे हैं। भारत की बात करें तो एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा एथलीट्स पेरिस 2024 में हिस्सा ले रहे हैं। कुल 30 भारतीय एथलीट्स पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं। शूटिंग स्पोर्ट्स में भारत की ओर से कुल 21 एथलीट्स पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा ले रहे हैं।

## शिक्षा में संस्कारों का समावेश हो : शिक्षा मंत्री



बेधड़क | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मानवीय जीवन मूल्यों की शिक्षा से बच्चों को प्रारम्भिक कक्षाओं से ही संस्कारित किए जाने की जरूरत है। संस्कार विहीन शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् और हेमा फाउण्डेशन के बीच पीएम श्री विद्यालयों मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति से समन्वय करते हुए जीवन मूल्यों की शिक्षा पर 24 जुलाई को किए गए एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह बात कही। दिलावर ने हेमा फाउण्डेशन के चैयरमेन एवं मैनेजिंग ट्रस्टी महेन्द्र काबरा से आगामी कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए संस्था द्वारा निर्मित मानवीय मूल्यों पर आधारित लघु फिल्मों के अंश देखें तथा कहा कि लघु फिल्मों में सशक्त एवं सार्थक संदेश प्रदान किया गया है, जो बच्चों के दिल एवं दिमाग में विशिष्ट विषयों को पहुंचाने में प्रभावशाली होंगी।

### बोर्ड की बुक्स ही स्कूलों में लागू की जाएगी: कुणाल

शिक्षा संकुल में स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में निजी स्कूलों में फीस एक्ट के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के संबंध में बैठक हुई। इसमे कई निर्णय लिए गए। सीबीएसई और आरबीएसई संबद्ध स्कूलों में आरबीएसइ और सीबीएसई की बुक्स को ही विद्यालयों में लागू करने पर विचार किया गया और छात्रों पर अन्य पुस्तकों खरीद का दबाव नहीं डालने का निर्देश जारी करने, पीएसपी पोर्टल पर स्कूल लेवल फीस कमेटी गठन के समयबद्ध कार्यक्रम जैसे कई निर्णय लिए गए। साथ ही राजस्थान गैर सरकारी शिक्षण संस्थान एक्ट 1989 नियम 1993 और फीस एक्ट 2016, नियम 2017 के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन या सुझाव के लिए एक कमिटी गठित की जो अपनी रिपोर्ट 15 दिवस में देगी।

## एप गुरु इमरान खान ने दिए ई कंटेंट बनाने के तकनीकी गुर

**जयपुर।** राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर के तत्वावधान में देववाणी एप के लिए कार्य कर रहे शिक्षकों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संपूर्ण राजस्थान से 50 श्रेष्ठ ई कंटेन्ट निर्माता शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मशहूर एप गुरु राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक इमरान खान ने अपने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अनुभव शेयर करते हुए शिक्षकों को ई कंटेंट बनाने के लिए प्रेरित किया एवं इसके तकनीकी पक्ष की जानकारी दी। ई कंटेंट के निर्माण एवं इसके प्रोसेसिंग से संबंधित जानकारी अग्निवेश शर्मा द्वारा दी गई। डॉ. अनिल कुमार सोनी प्रधानाचार्य द्वारा प्रारंभिक ई कंटेन्ट निर्माण के अनुभवों को शेयर किया गया। एसएसआईआरटी के उपनिदेशक डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन देकर सभी प्रतिभागियों को अच्छे से अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला का संचालन अग्निवेश शर्मा द्वारा किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया था परिणाम घोषित करने का आदेश


# एनटीए ने जारी किया नीट यूजी 2024 का रिवाइज्ड रिजल्ट

बेधड़क | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने नीट यूजी 2024 का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया है। एग्जाम में शामिल अभ्यर्थी नीट यूजी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। संशोधित परिणाम भौतिकी के प्रश्नों के सही विकल्प पर विचार करने के बाद घोषित किया गया है। अभी मेरिट लिस्ट नहीं जारी की गई है। टॉपर्स लिस्ट थोड़ी देर में जारी की जा सकती है।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनटीए ने रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित किया है। 23 जुलाई को मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि नीट यूजी री-टेस्ट का आयोजन नहीं किया जाएगा। साथ ही कोर्ट ने एनटीए को आदेश दिया था कि वह फिर से नए सिरे से रिजल्ट घोषित करें। नीट यूजी मामले में सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला आने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि नीट का रिवाइज्ड रिजल्ट दो दिनों के अंदर घोषित कर दिया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आज, 25 जुलाई को संशोधित नतीजे जारी कर दिए गए। अभी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से मेरिट लिस्ट नहीं जारी की गई है। सभी भारतीय कोटा सीटों के लिए NEET UG काउंसलिंग जल्द ही शुरू होगी। MCC जल्द ही काउंसलिंग के लिए शेड्यूल जारी कर सकता है। काउंसलिंग का पूरा शेड्यूल नेशनल मेडिकल काउंसिल की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। काउंसलिंग की प्रक्रिया कुल 4 राउंड में आयोजित की जाएगी। एग्जाम का आयोजन एनटीए की ओर से 5 मई को देश भर में 4000 से अधिक केंद्रों पर पेन-पेपर मोड में किया गया था।

परीक्षा में 24 लाख के करीब कैंडिडेट्स शामिल हुए थे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 20 जुलाई को एग्जाम सिटी और सेंटर वाइज रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित किया गया था।



### नीट यूजी पर क्या था विवाद?

एनटीए ने 4 जून को रिजल्ट घोषित किया था। कुल 67 टॉपर्स आए थे और हरियाणा के झज्जर केंद्र से 6 टॉपर्स थे और इसी केंद्र पर दो कैंडिडेट्स को 718 और 719 नंबर मिले थे। जिसे लेकर अभ्यर्थी पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाने लगे और सुप्रीम कोर्ट नें याचिका दायर की गई। मामले में कुल करीब 40 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने दायर की गई थी। मामले में अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट ने 23 जुलाई को सुनाया था और कहा थी कि नीट यूजी परीक्षा का आयोजन फिर से नहीं जारी किया जाएगा।

### कल जारी होगा पीजी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में सभी स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (P.G. Semester-I) URATPG -2024 में प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए प्रथम वरीयता सूची शनिवार को प्रकाशित होगी। इसमें आवश्यक दस्तावेज फॉर्म के साथ लाने की सूचि संलग्न है। सीएबी के कंवीनर प्रोफेसर रामावतार शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन होने के बाद 29,30,31 जुलाई व 01 अगस्त तक दिए गए लिंक admission univraj.org पर ऑनलाइन फीस जमा करा सकेंगे। परन्तु इससे पहले ABC-ID बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रवेश सम्बंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्बन्धित विभाग में संपर्क करना होगा। फीस जमा की तिथि 29, 30, 31 जुलाई व 01 अगस्त रहेगी तथा फीस जमा नहीं होने पर प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। सूचि देखने के लिए admission univraj.org--admission list पर क्लिक करे।

डिस्कशन | निर्वाण विश्वविद्यालय में "भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर पुस्तक पैनल चर्चा

# न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर होगा मंथन

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में शुक्रवार को "भारत-अमेरिका न्यूक्लियर सुरक्षा पर दृष्टिकोण" पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक पैनल का आयोजन किया जाएगा। इस पैनल में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विद्वानों की भागीदारी होगी, जो न्यूक्लियर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

इस महत्वपूर्ण पैनल में मुख्य वक्ताओं में अमेरीका से डॉ. एस. पॉल कपूर, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल के नेशनल सिक्योरिटी अफेयर्स विभाग के प्रोफेसर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन के विजिटिंग फेलो रहेंगे। उन्होंने 2019 से 2021 तक अमेरिकी राज्य विभाग के पॉलिसी प्लानिंग स्टाफ में सेवा की है और उनकी प्रमुख पुस्तकें "जिहाद एज ग्रैंड स्ट्रैटेजी" और "डेंजरस डिटरेंट" शामिल हैं। साथ ही, नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में रिसर्च असिस्टेंट के रूप में कार्यरत मिस डायना व्यागर भी होंगी, जो दक्षिण एशिया में न्यूक्लियर स्ट्रैटेजी और सुरक्षा पर गहन शोध कर चुकी हैं। उन्होंने "द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटीः यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स" का संपादन भी किया है। इस पैनल में डॉ. आर. के. अरोड़ा भी शामिल होंगे, जो निर्वाण विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन हैं। डॉ. अरोड़ा के अनुभव और दृष्टिकोण से यह पैनल न्यूक्लियर सुरक्षा पर गहन विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जो भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा मामलों पर सहयोग और समझौते को बढ़ावा देगा।









### वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर हुआ गहन अध्ययन

इसके साथ ही पुस्तक "द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटी: यूएस और इंडियन पर्सपेक्टिव्स" का विमोचन भी होगा, जो वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा में एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। राजस्थान पुलिस अकादमी और निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमेन डॉ. एस. एल. सिहाग के सहयोग से यह आयोजन हो रहा है। डॉ. सिहाग ने बताया कि यह पैनल चर्चा दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और समझ को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वैश्विक सुरक्षा मामलों में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं और विद्वानों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर नई संभावनाओं की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन के माध्यम से, निर्वाण विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से अपने आपको एक प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान के रूप में स्थापित किया है, जो वैश्विक सुरक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन अध्ययन और विचार-विमर्श को बढ़ावा देता है।

# वृक्षारोपण मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी



ज्ञानेन्द्र रावत
लेखक वरिष्ठ पत्रकार

सरकार द्वारा घोषित वृक्षारोपण अभियान प्रशंसनीय है लेकिन यह तभी संभव है जब रोपित पौधों का उचित रख-रखाव और संरक्षण हो। इस हेतु इस अभियान में लगी एजेंसियों की जिम्मेदारी काफी महत्वपूर्ण है। यह अभियान जनांदोलन बनाया जाये जिसके लिए जनभागीदारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक है।

वृक्षारोपण के लक्ष्य का निर्धारण सराहनीय ही नहीं, स्तुतियोग्य प्रयास है। लेकिन रोपित पौधों की रक्षा बेहद जरूरी है। क्योंकि अक्सर पौधारोपण के बाद उनकी उचित देखभाल नहीं होती और वे कुछ ही समय बाद मर जाते हैं। इसलिए इस काम में लगी एजेंसियां रोपित पौधों के रख-रखाव की जिम्मेदारी समाज के उन लोगों को सौंपने जो इस अभियान में सहभागिता कर रहे हैं। तभी अभियान की सफलता संभव है।

असलियत में दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम होती जा रही है, हकीकत में उससे पर्यावरण तो प्रभावित हो ही रहा है, पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कृषि और मानवीय जीवन ही नहीं, भूमि की दीर्घकालिक स्थिरता पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। जैव विविधता का संकट पर्यावरण ही नहीं, हमारी संस्कृति और भाषा का संकट भी बढ़ा रहा है। पेड़ों का होना हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण ही नहीं, बेहद जरूरी है।

यह न केवल हमें गर्मी से राहत प्रदान करते हैं बल्कि जैव विविधता को बनाये रखने, कृषि की स्थिरता सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने और जलवायु को स्थिरता प्रदान करने में भी अहम योगदान देते हैं। फिर भी हम पेड़ों के दुश्मन क्यों बने हुए हैं, यह समझ से परे है। बीते कई बरसों से दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और वनस्पति व जीव विज्ञानी चेता रहे हैं कि अब हमारे पास पुरानी परिस्थिति को वापस लाने के लिए समय बहुत ही कम बचा है। यह भी कि हम जहां पहुंच चुके हैं वहां से वापस आना आसान काम नहीं है। कारण

> *“ पेड़ों का होना हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण ही नहीं, बेहद जरूरी है। यह न केवल हमें गर्मी से राहत प्रदान करते हैं बल्कि जैव विविधता को बनाये रखने, कृषि की स्थिरता सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने और जलवायु को स्थिरता प्रदान करने में भी अहम योगदान देते हैं। फिर भी हम पेड़ों के दुश्मन क्यों बने हुए हैं, यह समझ से परे है। बीते कई बरसों से दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और वनस्पति व जीव विज्ञानी चेता रहे हैं कि अब हमारे पास पुरानी परिस्थिति को वापस लाने के लिए समय बहुत ही कम बचा है। यह भी कि हम जहां पहुंच चुके हैं वहां से वापस आना आसान काम नहीं है। कारण वहां से हमारी वापसी की उम्मीद केवल और केवल पांच फीसदी से भी कम ही बची है। जैव विविधता न सिर्फ हमारे प्राकृतिक वातावरण के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि ऐसे वातावरण में रहने वाले लोगों के मानसिक कल्याण के लिए भी जरूरी है। इस ”*

वहां से हमारी वापसी की उम्मीद केवल और केवल पांच फीसदी से भी कम ही बची है। जैव विविधता न सिर्फ हमारे प्राकृतिक वातावरण के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि ऐसे वातावरण में रहने वाले लोगों के मानसिक कल्याण के लिए भी जरूरी है। इस पर गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत है कि जैव विविधता धरती और मानव स्वास्थ्य के लिए सह-लाभ के तत्व हैं और इसे महत्वपूर्ण बुनियादी मान बीते कुछ सालों से देश में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब यह है कि हर साल जितना जंगल खत्म हो रहा है, वह एक लाख तीन हजार वर्ग किलोमीटर में फैले देश जर्मनी, नार्डिक देश आइसलैंड, डेनमार्क, स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों के क्षेत्रफल के बराबर है। लेकिन सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इसके अनुपात में नये जंगल लगाने की गति बहुत धीमी है। समूची दुनिया में हर मिनट औसतन दस फुटबाल मैदान के बराबर यानी 17.60 एकड़ जंगल खत्म किये जा रहे हैं। एक बार यदि हम खतरे के दायरे में पहुंच गये तो हमारे पास करने को कुछ नहीं रहेगा। आज जंगल बचाने की लाख कोशिशों के बावजूद दुनिया में वनों की कटाई में और तेजी आई है और उसकी दर चार फीसदी से भी बढ़ गयी है। हम यह क्यों नहीं समझते कि यदि अब भी हम नहीं चेते तो हमारा यह मौन हमें कहां ले जायेगा और क्या मानव सभ्यता बची रह पायेगी ?

इस बारे में 2004 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाली केन्या की पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री रहीं बंगारी मथाई का उस समय दिया बयान महत्वपूर्ण है कि जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आपस में गहरे तक जुड़े हुए हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। ऐसे सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है जिससे धरती को बचाया जा सके। खासकर ऐसे समय में जब हम पेड़ों और पानी के साथ साथ जैव विविधता की वजह से पारिस्थितिकी के संकट से जूझ रहे हैं। संसाधनों के उचित प्रबंधन के बगैर शांति कायम नहीं हो सकती। फिर हम जिस रास्ते पर चल रहे हैं, यदि उसे नहीं बदला तो पुरानी झड़पें बढ़ेंगीं और संसाधनों को लेकर नयी लडाइयां सामने खड़ी होंगी। मैं इस पुरस्कार का जश्न महात्मा गांधी के इन शब्दों के साथ मनाना चाहती हूं कि-- मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। एक पेड़ जरूर लगायें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आतंकियों का ऐशगाह बना पड़ोसी देश

# पाकिस्तान में पूर्व सैनिक बन रहे हैं आतंकी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *“ सुरक्षा ऐजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक घाटी में करीब डेढ़ माह से जारी आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना के पूर्व सैनिकों की लिप्ता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। ऐजेंसियां इसका यह भी मानकर चल रही हैं कि घाटी में भारी मतदान के बाद पाकिस्तान हताषा के दौर से गुजर रहा है। उसे आषंका है कि कहीं विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर प्रांत में लोकतंत्र की बहाली न हो जाए ? इसलिए वह घाटी में हमलों के जरिए माहौल खराब करके दहशत का वातावरण रचने में लगा है। ”*

पड़ोसी शत्रु पाकिस्तान ने राजग की गठबंधन सरकार के बनने और विपक्ष के हुड़दंग के चलते एक बार फिर कश्मीर में आतंकवादी हमले तेज कर दिए हैं। धारा 370 के खात्मे के बाद घाटी के हालात में जबरदस्त सुधार देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। स्थानीय स्तर पर घाटी के मुस्लिम युवाओं ने आतंक की राह छोड़कर जब कैरियर बनाने की दिषा में पहल कर दी तो पाक की भारतीय सीमा में युवाओं को लालच देकर आतंकी बनाने की मंषा पर विराम लग गया। अतएव अब उसने अपने ही पूर्व सैनिकों को प्रलोभन देकर आतंकी बनाकर घुसपैठ करानी षुरू कर दी। नतीजतन भारतीय जमीन पर एक बार फिर से आतंकी घटनाओं का सिलसिला तेज हो गया। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सेना के कप्तान समेत पांच जवान शहीद हो गए। सुरक्षाबल निरंतर आतंकियों को मार गिरा रहा है। बावजूद घुसपैठ का सिलसिला बना हुआ है, जो देश और सेना के लिए चिंता का सबब है। लगता है एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाक की सीमा में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देना होगा।



सुरक्षा ऐजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक घाटी में करीब डेढ़ माह से जारी आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना के पूर्व सैनिकों की लिप्ता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। ऐजेंसियां इसका यह भी मानकर चल रही हैं कि घाटी में भारी मतदान के बाद पाकिस्तान हताशा के दौर से गुजर रहा है। उसे आशंका है कि कहीं विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर प्रांत में लोकतंत्र की बहाली न हो जाए ? इसलिए वह घाटी में हमलों के जरिए माहौल खराब करके दहशत का वातावरण रचने में लगा है। अलगाववादी सुर का आलाप करने वाले मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवार को मतदाता ने हराकर यह साबित कर दिया कि घाटी के हालात बदतर करने में इन परिवारों की भूमिका अहम् रही है। इससे पाक ने शायद अंदाजा लगाया है कि विधानसभा चुनाव के बाद घाटी में जो प्रजातांत्रिक सरकार बनेगी, वह पाक की मंशा के अनुरूप चलने वाली नहीं है। इसलिए माहौल खराब करके चुनाव को टला जाए।

इस बीच पाक के धन से घाटी की तरह जम्मू क्षेत्र में आतंकियों की मदद करने वाले ओवर ग्राउंड कार्यकर्ताओं का एक नेटवर्क भी तैयार किया है। इसे सेना ध्वस्त करने में लगी है। डोडा किस्तवार, पुंछ, राजौरी, रियासी और कठुआ के कठिन भौगोलिक इलाकों में पिछले दो दशक में जैष-ए-मोहम्मद और लश्करे तैयबा ने ओवर ग्राउंड वार्कर नेटवर्क खड़ा किया था। यह अंततरराश्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से आने वाले आतंकियों को घाटी के सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम करता था। घाटी में रहने वाले ये वार्कर घने वनों और दुर्गम इलाकों में छोटे-छोटे घर बनाकर रह रहे हैं। रियासी जिले में हिंदू भक्तों की बस पर गोली चलाने वाले आतंकियों को इन्हीं ओवर ग्राउंड वर्कर ने मदद की थी। भारतीय सेना के अनुसार ओवर ग्राउंड वार्का वे लोग होते हैं, जो उग्रवादी या आतंकवादियों को रसद, नकदी, आश्रय और अन्य रहने लायक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। सेना इस नेटवर्क को नष्ट कर रही है।

पाक सेना कितनी दगाबाज है, इसका खुलासा पाक के पूर्व लेफिटेंट जनरल एवं पाक खुफिया ऐजेंसी आईएसआई के पूर्व अधिकारी शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली' में किया था। इसमें कहा गया था कि कारगिल युद्ध में पाक आतंकवादी नहीं,बल्कि उनकी वर्दी में पाकिस्तानी सेना के नियमित सैनिक ही लड़ रहे थे और इस लड़ाई का लक्ष्य सियाचिन पर कब्जा करना था। चूंकि यह लड़ाई बिना किसी योजना और अंतरराष्ट्रीय हालातों का अदांजा लगाए बिना लड़ी गई थी, इसलिए तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुर्शरफ ने पूरे मामले को रफादफा कर दिया था। क्योंकि यदि इस छद्म युद्ध की हकीकत सामने आ जाती तो मुशर्रफ को ही संधर्श के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता। इससे यह तथ्य तो प्रमाणित होता है कि पाकिस्तानी फौज इस्लामाबाद के पूरे नियंत्रण में नहीं है। आतंकी सरगना हाफिज सईद भारत-पाक सीमा पर खुलेआम घूम रहा है। जैश, लश्कर और हिजबुल के आतंकी दहशतगर्दी फैलाने में शरीक हैं।'

इसी लेख में अजीज ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जनवरी 2014 में मेंढर क्षेत्र में भारतीय सैनिकों के सर कलम किए जाने की जो घटना घटी थी, उस परिप्रेक्ष्य में पाकिस्तान को चेताते हुए लिखा था, 'कारगिल की तरह हमने अब तक जो भी निरर्थक लड़ाइयां लड़ी हैं, उनसे हमने कोई सबक नहीं लिया है। सच्चाई यह है कि हमारे गलत कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। पाक इस समय जिस तरह आंतरिक और बाहरी विपदाओं से जूझ रहा है, उससे उसकी आर्थिक बद्हाली बढ़ रही है।' यहां कठिन होते जा रहे हालातों का एक कारण यह भी है कि वहां के राश्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सेनानयक पद पर रहते हुए भी धर्म के नाम पर लोगों को भड़काने व आतंकवाद को शह देने का काम करते हैं, लेकिन जब पदच्युत हो जाते हैं तो देश छोड़ जाते हैं। परवेज मुर्षरफ और नवाज शरीफ ने भी यही किया था। पाक में हालात ऐसे ही बने रहे तो एक दिन जनता सड़को पर होगी और सेना को मनमानी पर उतरने का मौका मिल जाएगा। सीमा पर बदतर हो रहे हालात और आतंकी घटनाओं के क्रम में वक्त आ गया है कि हम ईंट का जवाब पत्थर से दें। हमें सख्ती बरतने की जरूरत है। जरूरी नहीं कि यह सख्ती खून का बदला खून जैसी प्रतिहिंसा का रुख अपनाकर दिखाई जाए।

पाकिस्तान पूर्व सैनिकों को आतंकी बना रहा है। इसका सत्यापन इस तथ्य से भी होता है कि हाल ही में मारे में जिन आतंकियों से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं, उनका संचालन आसानी से सेना से प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। इन हथियारों में एम-4 कार्बाइन, 509 टैक्टिगल गन और एम-1911 और स्टेयर एयूजी रायफल बरामद हुई हैं। आतंकियों के पास से अल्ट्रा और माइक्रो रेडियो सेट भी बरामद हुए है। इनके नेटवर्क में सेंध लगाना आसान नहीं है। ये उपकरण भी अमेरिका द्वारा निर्मित हैं। अफगानिस्तान में नाटो सेनाओं ने इन हथियारों का इस्तेमाल किया था। अतएव ऐसी आशंका है कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा छोड़े गए हथियार अब जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकियों तक पहुंच रहे हैं। यदि यह तथ्य एक ठोस सच्चाई है तो कश्मीर में आतंकी हिंसा का दुश्चक्र बढ़ता दिखाई दे सकता है ? दरअसल ये हथियार पाकिस्तान के जरिए भी आतंकियों को मिल सकते है और सीधे अफगानिस्तान से भी लाए जा सकते हैं। भारतीय एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं भी मिली हैं, कि इन्हें तालिबान सीधे आतंकियों को आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए बेच भी रहा है। पिछले चार वर्ष से आतंकियों के पास स्टेयर एयूजी रायफल होने के सूचनाएं मिल रही थीं। अब कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एलओसी पर 18 जुलाई 2024 को मुठभेड़ में सेना ने जो दो आतंकी मारे है, उनसे यह रायफलें बरामद हुई हैं। कश्मीर में बीते कुछ वर्शों में एक दर्जन से अधिक इरीडियम सैटेलाइट फोन और वाईफाई सक्षम थर्मल इमेजरी उपकरण भी मिले हैं। ये उपकरण रात के समय घुसपैठ करने और सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़कर भाग जाने में मदद करते है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बजट की आर्थिक स्थिति और साहित्यकार...



व्यंग्यकार
प्रकाश हेमावत

देश के आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर सब का साथ सबका विकास करने के लिए बजट बनाकर बजट प्रस्तुत कर दिया गया और चारों तरफ जयकारा की जा रही है इस बजट की प्रतिक्रिया इस प्रकार हो जैसे ठंड के मौसम में ठंड को दूर करने के लिए हम थोड़ी देर के लिए अलाव के पास बैठ जाते इस बजट पर प्रतिक्रिया लेने के लिए किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया , प्रिंट मीडिया को तनिक चिंता नहीं है ऐसा लग रहा है कि , साहित्यकारों को जैसे हाशिए पर फेंक दिया गया है ।

बजट जनता के सामने आ गया तमाम प्रकार की क्रियाएं , प्रतिक्रियाएं पत्रकारों द्वारा ली जा रही है । दुख इस बात का है देश, समाज, व्यक्ति के हर क़दम क़दम पर होने वाली घटनाओं पर ध्यान देने व रखने वाले साहित्यकार सभी परिस्थितियों का अध्ययन कर अपनी सटीक बात पाखी नजरों से देख कर हर समय हर पल कहता रहता है।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि , नेहरू जी के समय हमारे अग्रज साहित्यकार ने कहा था कि “ जब जब इस देश की राजनीति डग मगाएगी तब तक साहित्य उसे अपना सहारा देता रहेगा “ मगर दुख की बात यह है कि , आज साहित्यकारों के लिए कोई जगह नहीं बची है । साहित्यकारों का सम्मान नहीं किया जा रहा है । साहित्यकारों को किसी सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं किया जा रहा और ना ही किसी प्रकार से मदद या सलाह ले जारही है साहित्य के ऊपर राजनीति की काली छाया का ग्रहण लगा हुआ है।

सृजनकर्ता साहित्यकारों की जगह आज फेसबुक और व्हाट्सएप की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले और पढ़ाने वाले साहित्यकारों ने ले ली । जिन्हें साहित्य का “ स “ मालूम नहीं । विचारों का “ वि “ मालूम नहीं । कल्पनाओं “ का “ कभी नहीं मालूम वह आज विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देखकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति कर रहे हैं । ऐसे साहित्यकार साहित्य का विकास कर रहे ( सत्यानाश ) है वही आज के साहित्यकार होते है जिन जिन है मठाधीश कह सकते हैं यह कहते मुझे कोई शर्म महसूस नहीं हो रही । अरे साहित्यकार साहाब आप यह क्या कह रहे हो ? अरे मेरे ग़रीब दास कह नहीं रहा हूं मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है? सरकार ने “ अपने “ विकास के लिए बजट में विभिन्न प्रकार की घोषणा , छूट एवं सुविधाएं दे दी गई इस बात की मुझे कोई शिकायत नहीं लेकिन साहित्यकारों के लिए कुछ नहीं तों बहुत दुख होता है ।

बजट को देखकर , सुनकर और पढ़कर दुखद आश्चर्य होता है कि , इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने अपने स्टूडियो में बिठाकर राजनीति के एवं आर्थिक पहलुओं को देखने वाले सामाजिक नेता , कार्यकर्ता विशेषज्ञों से राय , मशवरा करके अपनी पब्लिक सिटी करवा करवा लेते हैं प्रिंट मीडिया ने विशेषज्ञों के विचार लेकर उनके छायाचित्र तक प्रकाशित किए हैं ।

कई समाचार पत्रों ने विचित्र शीर्षकों की झड़ी लगा दी । मंदी और महंगाई के बावजूद विकास की छलांग लगाने वाला बजट , उम्मीद की किरण वाला बजट उम्मीदों को जगाने वाला बजट , इस तरह की हेडिंग बना बना कर अपना काम चला लिया ।

यह बजट मिडिल क्लास के लिए फायदा वाला सिद्ध होगा महिलाओं , किसानों , छात्रों ग्रहणीयों के हितकारी वाला बजट होगा यह बजट नुकसानदायक है यह तो समय की पदचाप के बाद ही पता चलेगा । अरे भाई इस बजट को देखकर, सुनकर ऐसा लगता है कि ,बजट और साहित्यकार नदी के दो तट हों गए हैं जो कभी नहीं मिल सकते ।

## नॉलेज कॉर्नर: अंतरराष्ट्रीय और घरेलू विमान क्रैश के हैं अलग-अलग नियम

# प्लेन क्रैश के बाद कितना मिलता है मुआवजा

हाल्ही में भारत के पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवअन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सौर्य एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। विमान हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो गई है। दरअसल, मंगलवार की सुबह जैसे ही प्लेन ने टेकऑफ किया, उसके कुछ ही सेकेंड के भीतर वह जमीन पर आ गिरा। इस हादसे के बाद सोशल मीडिया पर लोग जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या प्लेन हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को भी इंश्योरेंस का पैसा मिलता है। इसी से जुड़े कानून के बारे में जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में

### भारत में मुआवजे का नियम क्या है

भारत में अगर कोई घरेलू विमान हादसे का शिकार होता है और इस हादसे में अगर किसी की मौत होती है तो इसमें मुआवजे का प्रावधान है। दरअसल, साल 2014 में मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने एक गजट नोटिफ़िकेशन जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि अगर कोई घरेलू विमान हादसे का शिकार होता है तो उस हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिजन को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।



### अंतरराष्ट्रीय विमानों के लिए अलग नियम है

घरेलू विमानों के क्रैश पर जहां मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा मिलता है, वहीं अंतरराष्ट्रीय विमानों के लिए नियम अलग है। अगर कोई इंटरनेशनल फ्लाइट क्रैश हो जाए तो उस हादसे में मरे लोगों के परिजनों को एयरलाइन की तरफ से 1,13,100 SDR (स्पेशल ड्रॉइंग राइट) मिलते हैं। भारतीय रुपये में इसे बदलें तो ये करीब 1 करोड़ 24 लाख रुपये के आसपास होगा। इसके अलावा भारत सरकार जो मुआवजा देना चाहे वो अलग से मृतकों के परिजनों को मिलेगा।

### ऐसे लेना पड़ता है इंश्योरेंस

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रेन की टिकट की तरह प्लेन की टिकट खरीदते समय भी पैसेंजर को इंश्योरेंस लेना पड़ता है। दरअसल, जब हम भारत में कोई ट्रेन टिकट बुक करते हैं तो उस टिकट के साथ हम कुछ पैसे का इंश्योरेंस भी खरीदते हैं। ऐसा इसलिए ताकि किसी हादसे में अगर पैसेंजर के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो उसके परिजनों को मुआवजा मिल जाए। हालांकि, प्लेन टिकट के साथ ऐसा नहीं होता। दरअसल, प्लेन के साथ दूसरा नियम लागू होता है। जब कोई प्लेन टेकऑफ करने वाला होता है तो उससे पहले ही पूरी फ्लाइट को इंश्योर किया जाता है। *कंटेंट: बजरंग बुनकर*

X



**दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya

जयपुर में हेरिटेज संरक्षण और विकास से सम्बंधित प्रोजेक्ट्स व अल्बर्ट हॉल म्यूजियम के विकास हेतु विभिन्न वास्तुकार विशेषज्ञों के समक्ष अपने प्लान प्रस्तुत किए। अल्बर्ट हॉल म्यूजियम को धरोहर संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के साथ सुसज्जित करना हमारा लक्ष्य है, जिससे जयपुर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें और साथ ही युवा पीढ़ी राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत के प्रति आकर्षित हो।

**आंध्र प्रदेश:** मुख्यमंत्री ने राज्य विधानससभा में जारी किया श्वेत पत्र, पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी को घेरा

# नायडू बोले-गांजा राजधानी बन गया आंध्र... ड्रग माफिया से की रेड्डी की तुलना

एजेंसी | अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता वाईएस जगन मोहन रेड्डी को लेकर गुरुवार को विवादित बयान दिया। उन्होंने विधानसभा में श्वेत पत्र जारी करते समय पूर्व सीएम रेड्डी की तुलना ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार से कर दी। कोलंबिया का रहने वाला एस्कोबार एक राजनेता भी रहा। उसे दुनिया के सबसे अमीर अपराधियों में एक माना जाता था। नायडू ने दावा किया कि रेड्डी के शासन में आंध्र प्रदेश गांजा राजधानी बन गया।

नायडू ने कहा, पाब्लोएश्कोबार कोलंबिया का ड्रग माफिया था। वह नार्को आतंकवादी था। वह राजनेता बना और फिर नशीली दवाओं को बेचना शुरू कर दिया। उसने उस समय 30 अरब डॉलर कमाए। अब इनकी कीमत 90 अरब डॉलर है। उसे 1976 में गिरफ्तार किया गया था और 1980 में वह दुनिया का सबसे अमीर ड्रग तस्कर बना। ड्रग्स को बेचकर भी अमीर बना जा सकता है। उन्होंने कहा, पूर्व



मुख्यमंत्री (वाईएस जगन मोहन रेड्डी) का क्या इरादा था? टाटा, रिलायंस, अंबानी के पास पैसा है और वह उनसे ज्यादा अमीर बनने की ख्वाहिश रखते थे। कुछ के पास जरूरतें होती हैं, कुछ के पास लालच होता है और कुछ के पास उन्माद होता है और ये लोग ऐसी चीजें करते हैं। नायडू ने पूछा कि अब आंध्र प्रदेश के हर गांव में गांजा आसानी से उपलब्ध है। क्या पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान एक बार भी इस मुद्दे पर ध्यान दिया है? उन्होंने युवाओं से अपने परिवारों को नष्ट न करने की अपील की और इस मुद्दे को नियंत्रित करने और शुरुआत में ही खत्म करने के लिए वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### पूर्ववर्ती सरकार की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

नायडू ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान आंध्र प्रदेश में किस तरह की कानून व्यवस्था की स्थिति थी। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता जब सत्ता में थे तो लोगों को डराकर रखते थे। इस दौरान नायडू ने साल 2022 में हुई एक घटना का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने वाईएसआरसीपी एमएलसी अनंत सत्य उदय भास्कर के ड्राइवर की हत्या को भी पूर्ववर्ती वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति के उदाहरण के रूप में याद किया।

### कानून व्यवस्था पर रेड्डी ने दिया था दिल्ली में धरना

सीएम चंद्रबाबू नायडू का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने बुधवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी ही राज्य की नव निर्वाचित सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन दिया था। रेड्डी ने नायडू सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में अपराध और बर्बरता की कहानी शुरू हो गई है। ऐसे में आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र खत्म हो चुका है।

## योगी आज जाएंगे दिल्ली, पीएम से मुलाकात संभव



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद से उत्तर प्रदेश भाजपा में मची हलचल के बीच उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दिल्ली रवाना होंगे। इस दौरान पीएम मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उनकी मुलाकात संभावित है। माना जा रहा है कि वह मुलाकात के दौरान पीएम मोदी और वरिष्ठ नेताओं को यहां चल रही गतिविधियों से अवगत कराएंगे। हालांकि योगी के दिल्ली जाने का असल मकसद नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेना है। नीति आयोग की बैठक में भाग लेने के साथ ही सीएम योगी मुख्यमंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पिछले कुछ दिनों में सीएम योगी ने यूपी के हर मंडल की बैठक की है और यहां के जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया है।

## झारखंड: दो विधायक अयोग्य घोषित

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने दो विधायकों लोबिन हेमब्रम और जय प्रकाश भाई पटेल को गुरुवार को सदन की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण ने गुरुवार को दलबदल विरोधी कानून के तहत दोनों को अयोग्य घोषित किया है। विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण ने दोनों विधायकों के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। ज्ञात रहे कि शुक्रवार से झारखंड विधानसभा के छह दिवसीय मानसून सत्र की शुरुआत होने जा रही है। इससे ठीक पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक लोबिन हेमब्रम और कांग्रेस के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को अयोग्य घोषित करने का आदेश जारी किया गया है।

**संसद में बजट पर चर्चा के दौरान खूब हुए वार-पलटवार**

# लोकसभा में चरणजीत सिंह चन्नी व रवनीत सिंह बिट्टू में तीखी बहस

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र में सरकार और विपक्ष में वार-पलटवार यानी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। लोकसभा और राज्यसभा में गुरुवार को भी चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक थमती नहीं दिखी। सत्र के चौथे दिन भी दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सरकार को घेरने की कोशिश में कई मौकों पर अप्रिय स्थिति बनती भी दिखी। लोकसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी तकरार हुई।

कांग्रेस के सांसद चरणजीत सिंह चन्नी और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही दो बार बीच में कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में भी विपक्ष का हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही में बाधा आई» मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसदीय मंत्री कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र में सिर्फ बजट पर चर्चा होनी चाहिए। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनादेश दिया है, आप इसका अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। यह गलत परंपरा है जो बिल्कुल ठीक नहीं है। मंत्री ने कहा कि मुद्दों पर चर्चा के बजाए पीएम मोदी को निशाना बनाया जा रहा है। रिजिजू के बोलते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने सभी सांसदों से मर्यादा बनाए रखने की अपील की।

वहीं कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि ये बजट देश की आम जनता के खिलाफ है। हम इसका विरोध करते है। जिस पर सरकार टिकी हुई है उनको डर की वजह से बड़ा बजट दिया गया है। लोकसभा में आम बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही गुरुवार को दो बार स्थगित करनी पड़ी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सांसदों को सदन में मर्यादित आचरण करने की नसीहत दी और कहा कि सभापति तालिका में सभी सदस्यों ने सदन की मर्यादा को बनाए रखने में योगदान दिया है। उन्होंने इसके बाद आम बजट पर चर्चा में भाग ले रहे कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी को बोलने के लिए अनुमति दी।

चन्नी ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से खोखला बजट है। इसमें किसी भी वर्ग को कुछ नहीं मिला है। अनेक राज्यों का तो नाम तक नहीं लिया गया है।



### तटकरे की टिप्पणी को लेकर हंगामा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुनील तटकरे ने अपने भाषण पर विपक्ष पर टीका टिप्पणी की जिससे तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी एवं विपक्ष के अन्य सदस्य उत्तेजित हो गए। हंगामा बढ़ने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप करने का प्रयास किया लेकिन पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने उनसे बैठने का अनुरोध किया। हंगामा शांत नहीं होने पर पाल ने सदन की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### झारखंड में घट रही आदिवासियों की आबादी: शशिकांत दुबे

झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जब वर्ष 2000 संथाल परगना बिहार से अलग होकर झारखंड का हिस्सा बना, तो वहां आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत थी। आज उनकी आबादी 26 प्रतिशत है। 10 प्रतिशत आदिवासी कहां गायब हो गए? उन्होंने आगे कहा कि राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरकार आदिवासियों की घटती जनसंख्या को लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हमारे राज्यों में बांग्लादेश से घुसपैठ बढ़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। हमारे क्षेत्र में 100 आदिवासी 'मुखिया' हैं, लेकिन उनके पति मुसलमान हैं।

### चन्नी के कटाक्ष पर बिट्टू ने किया पलटवार

बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद चन्नी ने रवनीत सिंह बिट्टू पर कटाक्ष किया। उन्होने केंद्रीय राज्य मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, आपके दिवंगत पिता ('दादा' के बजाय गलती से कहा गया) शहीद थे, लेकिन हकीकत में उनकी मौत उसी दिन हुई जब आप भाजपा में शामिल हुए। बिट्टू के दादा, पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की 31 अगस्त, 1995 को चंडीगढ़ में सचिवालय परिसर में एक फिदायीन बम हमले में हत्या कर दी गई थी। गुस्साए बिट्टू ने कहा, मुझे जवाब देना होगा क्योंकि उन्होंने मेरे दादाजी का नाम लिया था. मेरे दादाजी ने किसी पार्टी के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपनी जान दी। बिट्टू ने आगे कहा कि अगर चन्नी साबित कर दे कि वह गरीब है तो वह अपना नाम बदल लेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद चन्नी के पास पंजाब में अब तक के सबसे शक्तिशाली संसाधन और सबसे अधिक पैसा है. उन्होंने यह भी दावा किया कि चन्नी यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी थे।

### हवाई किराया बढ़ने का मुद्दा उठाया

लोकसभा में गुरुवार को डीएमके सदस्य दयानिधि मारन समेत कुछ सदस्यों ने देश में हवाई किराये के बढ़ने का मुद्दा उठाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'इसकी तो जांच होनी ही चाहिए' कहते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से खास मांग की। उन्होंने कहा कि नायडू इसकी जांच कराएं क्योंकि पैसा संसद से जाता है, जो चिंता की बात है। इसके बाद मंत्री ने जवाब दिया कि ग्राहक ही राजा है और वह हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

### किसानों के प्रति बदले की भावना है सरकार की: सुरजेवाला

वहीं, राज्यसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार किसानों के प्रति बदले की भावना से काम कर रही है क्योंकि उसे लगता है कि इस वर्ग के कारण उसे आम चुनाव में स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया तथा किसानों से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की राशि को पूरी तरह से खर्च भी नहीं किया जा रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) किसानों के लिए 'सर्वाधिक परेशानी' का सबब बन गया है। उन्होंने कहा कि 2024-25 का बजट कृषि गतिविधियों से जुड़े लोगों के मुद्दों का समाधान करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा, वित्त मंत्री ने जब तीन शब्दों किसानों, गरीबों और युवाओं के साथ बजट भाषण की शुरुआत की तो पूरा देश उम्मीदों से भर गया। लेकिन कुछ ही मिनटों में स्पष्ट हो गया कि यह बजट 'कुर्सी बचाओ-सहयोगी दल बचाओ' और 'हार का बदला लेते जाओ' बजट है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि बजट में किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए क्या है? उन्होंने इसे खेती और किसान विरोधी बजट बताया है। सुरजेवाला ने कहा कि यह बजट 'खेत, खेती और खेतिहर विरोधी' है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में इस सरकार ने देश के 72 करोड़ अन्नदाता किसानों की 'पीठ पर लाठी और पेट पर लात मारी है।

### आप के राघव चड्ढा ने कसा भाजपा पर तंज

वहीं, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने चर्चा के दौरान भाजपा पर जमकर तंज कसा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या कम होने को लेकर कहा कि इस देश के लोगों ने भाजपा की सीटों पर 18 फीसदी जीएसटी लगा दिया और पार्टी को 240 पर ला दिया। राघव ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को संशोधित करने, उसकी समीक्षा करने व उसके सरलीकरण का सुझाव दिया। जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' बताते हुए उन्होंने कहा,2019 में भाजपा ने 303 सीटें जीतीं। इस देश के लोगों ने सीटों पर 18% जीएसटी लगाया और 2024 में उन्हें 240 पर ला दिया।

**भाजपा ने किए अहम फेरबदल**

# दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा के अध्यक्ष बने

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने दो राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों को बदल दिया है। भाजपा ने बड़ा बदलाव करते हुए बिहार की कमान दिलीप जायसवाल के हाथ में दे दी है। इससे पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। वहीं राजस्थान में भी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बदलाव किया है। भाजपा ने मदन राठौर को राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें कि डॉ. दिलीप जायसवाल नीतीश सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री भी हैं. वह पूर्णिया-अररिया-किशनगंज (क्षेत्र संख्या 23) से लगातार तीन बार जीतकर विधान परिषद पहुंच चुके हैं। दरअसल डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का जन्म साल 1963 में 2 मई को खगड़िया के गोगरी में हुआ था. वह पिछले दो दशक से किशनगंज के माता गुजरी मेडिकल कॉलेज के निदेशक हैं. इतना ही नहीं, वह बीजेपी के संगठन में काफी लंबे समय से जुड़े हैं. वह करीब 20 साल तक कोषाध्यक्ष पद पर रहे, साथ ही वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। मूल रूप से खगड़िया जिले के रहने वाले दिलीप जायसवाल की छवि एक मृदुभाषी नेता के रूप में है। दिलीप जायसवाल भाजपा के प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं।



### छह राज्यों के प्रभारी नियुक्त

वहीं, पार्टी ने छह राज्यों के प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। अतुल गर्ग चंडीगढ़ के, हरीश द्विवेदी असम के, राधामोहन दास अग्रवाल राजस्थान के, डॉ राजदीप रॉय त्रिपुरा के और अरविंद मेमन लक्षद्वीप और तमिलनाडु के प्रभारी नियुक्त हुए हैं।

# राष्ट्रपति भवन का दरबार हॉल, अशोक हॉल अब होंगे गणतंत्र मंडप-अशोक मंडप



एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन के 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमशः 'गणतंत्र मंडप 'और 'अशोक मंडप' कर दिया है

राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बयान में कहा है कि नाम बदलने का मकसद राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार का प्रतिबितिम्ब बनाना है।

राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कारों और अन्य महत्वपूर्ण समारोहों का आयोजन किया जाता है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वतंत्र भारत में दरबार शब्द अप्रासंगिक हो चूका है, गणतांत्रिक देश की भावना के अनुसार, इसका नया नामकरण करते हुए कहा गया है कि भारतीय समाज में गणतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल से गहरी हैं।

बयान में कहा गया है कि अशोक हॉल का नाम बदलकर 'अशोक मंडप' करने से भाषा में एकरूपता आएगी और अंग्रेजीकरण के निशान मिटेंगे।

**आरोपों से गरमाई महाराष्ट्र की सियासत**

# फडणवीस ने MVA नेताओं को फंसाने के लिए बनाया था दबाव: देशमुख

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य की सियासत आरोपों से गरमा गई है। पूर्व गृह मंत्री एवं राकांपा (शरद पवार) अनिल देशमुख ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले फडणवीस ने उन पर दबाव बनाया था कि वह महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं के खिलाफ झूठे हलफनामे दायर करें। फडणवीस ने इन आरोपों का खंडन किया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार देशमुख ने समाचार चैनलों से बातचीत में कहा कि (तब विपक्ष में रहे) फडणवीस द्वारा कथित रूप से भेजे गए एक व्यक्ति ने उनसे भेंट की थी और कहा था कि उसके पास तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे, तत्कालीन वित्त मंत्री अजित पवार और तत्कालीन परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाले कई हलफनामे हैं। पूर्व मंत्री ने दावा किया कि उस व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें खुद को भावी मुकदमेबाजी से बचाने के लिए इन हलफनामों पर दस्तखत कर देना चाहिए लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।

उन्होंने कहा कि फडणवीस का सहयोगी मुझसे कई बार मिला। उसने हमारे बीच फोन पर बातचीत करवाई। एक बार फडणवीस ने मुझसे कहा कि वह समीक्षा के लिए दस्तावेज भेज रहे हैं। देशमुख ने अपने आरोपों को मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परम बीर सिंह से जुड़े विवाद से भी जोड़ा। सिंह ने देशमुख पर 100 करोड़ रुपए की वसूली योजना का आरोप लगाया था। देशमुख ने आरोप लगाया कि सिंह ने उनके खिलाफ जो आरोप लगाए थे, वह फडणवीस की साजिश थी।

### फडणवीस ने आरोपों से किया इनकार



### मेरे पास देशमुख के खिलाफ सबूत: फडणवीस

फडणवीस ने कहा कि देशमुख की अपनी पार्टी के सदस्यों के पास उनके खिलाफ ऑडियो-विजुअल सबूत हैं। फडणवीस ने कहा कि अगर मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाना जारी रहा, तो मेरे पास ये सबूत सार्वजनिक करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। भाजपा नेता ने कहा कि देशमुख उस मामले में बरी नहीं हुए हैं जिसमें उनपर पुलिस अधिकारियों को 100 करोड़ रुपए जुटाने का निर्देश देने का आरोप है, वह बस जमानत पर बाहर हैं।

### देशमुख का पलटवार: कोई चुनौती देगा तो मैं सबूत पेश करूंगा

इस बीच, फडणवीस की चेतावनी पर पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उन्हें चुनौती देगा तो वह अपने आरोपों का सबूत पेश करेंगे। साथ ही उन्होंने भाजपा नेता को चुनौती देते हुए कहा कि जो भी वीडियो उनके पास हैं उन्हें जगजाहिर कर दें। हाथ में पेन ड्राइव के बारे में पूछे जाने पर देशमुख ने कहा कि इसमें फडणवीस के खिलाफ उनके आरोपों के सबूत हैं। उन्होंने कहा,अगर मुझे चुनौती दी गई तो मैं अपने पास मौजूद वीडियो जारी करूंगा। मैं बिना सबूत के नहीं बोलता।

### महाराष्ट्र में मनसे अकेले लड़ेगी चुनाव: राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गुरुवार को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव में 200 से 250 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा,मैं किसी भी कीमत पर अपनी पार्टी के कार्यकर्ता को सत्ता में बैठाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि आप आगामी चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करें। राज ठाकरे ने मनसे के अपने नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। साथ ही उन्होंने अपने बयान में राज्य प्रशासन की भी आलोचना की। ठाकरे ने महायुति गठबंधन की योजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता को चुनौती दी। उन्होंने टिप्पणी की, महाराष्ट्र सरकार के पास गड्ढों की मरम्मत के लिए धन की कमी है। वे 'लाडली बहन' और 'लाडला भाई' के लिए पैसा कैसे जुटाएंगे? उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के भीतर आंतरिक संघर्ष पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, अगर लाडला भाई और बहन दोनों एक साथ खुश होते, तो पार्टी में विभाजन नहीं होता।

## जरूरी खबर

### ममता नीति आयोग की बैठक में नहीं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यक्षता में 27 जुलाई को होगी। बैठक में पीने के पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और जमीन व संपत्ति जैसे आम जनता के रोजमर्रा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी, लेकिन विपक्ष शासित कई राज्यों के सीएम इसमें भाग नहीं लेंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी दिल्ली दौरे का अपना कार्यक्रम एकाएक स्थगित कर दिया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार टीएमसी सुप्रीमो शुक्रवार को नई दिल्ली जा सकती हैं। इससे पहले प्रशासनिक सूत्रों से खबर आई थी कि मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर को दिल्ली जाएंगी। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, पंजाब जैसे विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने गवर्निंग काउंसिल की बैठक में हिस्सा नहीं लेने का ऐलान कर दिया है।

### छग में 19 लाख के इनामी 5 नक्सलियों का समर्पण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों को गुरुवार को उस बड़ी कामयाबी मिली जब एक साथ 5 नक्सलियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी नक्सलियों के सिर पर सामूहिक रूप से कुल 19 लाख रुपए का इनाम घोषित था। हथियार डालने वाले नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने कहा कि वे सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और कल्याणकारी योजनाओं से भी प्रभावित हैं।

### बूथ कैप्चरिंग की 925 से ज्यादा शिकायतें मिली

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 925 से ज्यादा बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें मिली थी। इनमें सबसे ज्यादा अधिक 875 शिकायतें पश्चिम बंगाल से प्राप्त हुईं। चुनाव आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए मेघवाल ने कहा कि इन मामलों में कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि अरुणाचल प्रदेश से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जहां हाल ही में लोकसभा और राज्य विधानसभा के लिए एक साथ चुनाव हुए थे और इसमें दो को गिरफ्तार किया था।

## राष्ट्रपति ने की छात्राओं से बात



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे करने पर नई दिल्ली में डॉ.राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय में 9वीं कक्षा की छात्राओं से बातचीत करते हुए।

## बदलाव की दहलीज पर तीनों सेनाएं: CDS



**नई दिल्ली।** करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि वर्ष 1999 के युद्ध में देश के सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने इस बात का दावा किया कि भारत की तीनों सेनाएं अब एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ी हैं। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि सीडीएस अनिल चौहान ने करगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर भारत के सभी सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं। जनरल चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि बदलाव संगठनात्मक, संरचनात्मक और वैचारिक होगा। सीडीएस चौहान ने कहा, युद्ध कौशल में प्रगति करना और सशस्त्र बलों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखना इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य है।

**भाजपा के संगठन मंत्रियों की बैठक, चुनावी राज्यों पर हुई मंत्रणा**

# हरियाणा में नायब ही होंगे CM फेस, झारखंड में घोषणा नहीं!

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद अब भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर एक्शन में आ गई है। चुनावी तैयारी को लेकर गुरुवार को शुरू हुई भाजपा के सभी राज्यों के संगठन मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में पार्टी ने संगठनात्मक समीक्षा के साथ आगामी संगठन चुनाव और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव संगठन बीएल संतोष मौजूद रहे। यह बैठक लोकसभा चुनाव के ठीक बाद हो रही है। इस समय भाजपा अपने संगठन चुनाव की तैयारी में जुटी है। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के संगठन मंत्रियों से भी रिपोर्ट ली गई। पार्टी बैठक में काफी मंथन के बाद पार्टी ने कई सारे महत्वपूर्ण मुद्दों का निष्कर्ष भी निकाला। सूत्रों के अनुसार पार्टी विधानसभा चुनावों वाले तीन राज्यों में से हरियाणा में वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी। वहीं, झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा सीएम फेस कौन रहेगा, इसकी घोषणा तो नहीं करेगी। लेकिन बड़े नेताओं को समान महत्व दिया जाएगा।



### जमीनी हकीकत पर की बात

बैठक के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, वहां के संगठन मंत्रियों से जमीनी हकीकत पर बात की। साथ ही मुद्दों पर भी मंथन किया। बैठक में महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में भाजपा के नेता मुख्यमंत्री नहीं है, इसलिए शायद पार्टी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं कर सकती है। सूत्रों के अनुसार हरियाणा में पार्टी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगी।

### झारखंड: सामूहिक नेतृत्व में होंगे चुनाव

झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा सीएम फेस कौन रहेगा, इसकी घोषणा तो नहीं करेगी, लेकिन सभी वरिष्ठ नेताओं को समान महत्व देगी और बराबर आगे में रखेगी ताकि सभी पार्टी नेताओं के वोट बैंक कमजोर न पड़े। पार्टी राज्य में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव मैदान में जाएगी। यानी पहले भी झारखंड के संबंध में ये बातें आती रही है कि, वहां राज्य के नेताओं में बिखराव दिख रहा है। ऐसे में अगर पार्टी सभी को समान महत्व देगी आगे की राह पार्टी के लिए आसान हो जाएगी। पार्टी ने तय किया है कि इस बार भाजपा राज्य के अपने बड़े और कद्दावर नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारेगी। इसमें वैसे नेता भी शामिल हैं जो इस बार लोकसभा चुनाव हार गए थे। लोकसभा चुनाव की तरह भाजपा झारखंड में भी अपने विधानसभा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान जल्द करेगी ताकि उम्मीदवारों को प्रचार का पूरा समय मिल सके।

### भाजपा शासित राज्यों के सीएम की बैठक

संगठन मंत्रियों के बैठक के बाद भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की शनिवार और रविवार को बैठक होगी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने अपने मुख्यमंत्रियों की बैठक ऐसे समय रखी है, जब सभी सीएम नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए 27 जुलाई को दिल्ली आ रहे हैं। नीति आयोग की बैठक में शिरकत करने के साथ-साथ भाजपा कार्यालय में होने वाली पार्टी की बैठक में भी शामिल होंगे

**विजय दिवस पर करगिल जाएंगे मोदी**

## 15,800 फुट की ऊंचाई पर सुरंग का करेंगे शिलान्यास

एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर में शुक्रवार को 26 जुलाई को 25वां करगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मौके पर शुक्रवार को करगिल का दौरा करेंगे। इस दौरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिंकुन ला सुरंग परियोजना का शिलान्यास करेंगे। यह परियोजना लेह को सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। यह परियोजना 4.1 किलोमीटर लंबी है। इसका निर्माण निमू – पदुम – दारचा रोड पर करीब 15,800 फुट की ऊंचाई पर किया जाना है। यह परियोजना जब पूरा हो जाएगी तब यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। शिंकुन ला सुरंग तैयार होने से हमारे सुरक्षा बलों को भी काफी मदद मिलेगी। इससे हमारे सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज और सक्षम आवाजाही हो सकेगी। इसके बनने से लद्दाख में भी आर्थिक



और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। प्रधान मंत्री मोदी सुबह शुक्रवार सुबह करीब 9:20 बजे करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे और दुश्मनों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि देंगे। ज्ञात रहे कि इसी दिन साल 1999 में भारतीय सेना के जांबाज जवानों ने पाकिस्तानी के खिलाफ फतह पाई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच करगिल की जंग 60 दिनों तक चली थी। पाकिस्तानी सेना चुपके से करगिल की पहाड़ियों पर चढ़ आई थी। पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में करगिल की चोटियों पर कब्जा कर लिया था।

**सीबीआई केस में केजरीवाल को झटका**

## न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई

एजेंसी | नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ा दी है।बता दें कि न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केजरीवाल को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। केजरीवाल वर्तमान में सीबीआई व ईडी मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी



ने उन्हें 21 मार्च और भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल को मनी लॉड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है और सीबीआई मामले से जुड़ी जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष लंबित है। उधर, कोर्ट ने मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

### दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल को राहत प्रदान करते हुए तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान अपनी कानूनी टीम के साथ दो अतिरिक्त मुलाकात करने की याचिका को अनुमति दे दी। न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा ने यह देखते हुए आदेश पारित किया कि विशेष परिस्थितियों में विशेष उपायों की आवश्यकता होती है। बता दें कि इससे पहले निचली अदालत ने अतिरिक्त लीगल मीटिंग के लिए केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को स्वीकार कर ली।

## गुजरात में भारी बारिश, 8 की मौत

एजेंसी | गांधीनगर

गुजरात में भारी बारिश की वजह से हालात काफी चिंताजनक होते जा रहे हैं. राज्य के विभिन्न जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ के कारण आठ लोगों की मौत हो गई है, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 61 हो गई है। वहीं, दक्षिण गुजरात में रेल अलर्ट जारी किया गया है। आणंद जिला भी लगातार बारिश के कारण भारी जलभराव का सामना कर रहा है. सूरत में भारी बारिश के कारण वीर कवि नर्मद सेतु के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं और शहर में भारी



जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राहत आयुक्त आलोक पांडे ने कहा कि द्वारका और सूरत में बचाव अभियान चल रहा है और प्रभावित निवासियों की मदद करने और संकट से निपटने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने मीडिया से कहा कि हमें भारी बारिश को लेकर मुख्यमंत्री से लगातार निर्देश मिल रहे हैं। द्वारका और सूरत में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

### बदरीनाथ हाईवे बाधित, श्रद्धालु फंसे

दूसरी ओर उत्तराखंड में रुक-रुककर हो रही भारी बारिश से बदरीनाथ हाईवे पर जगह-जगह मलबा आने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। इस दौरान बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जा रहे करीब 700 श्रद्धालु जगह-जगह फंसे रहे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे हाईवे सुचारु किया जा सका।

**संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा**

# दुनिया में हर ग्यारह में से एक व्यक्ति को जूझना पड़ रहा है भूख से

**■ 2030 तक दुनिया से भुखमरी का खात्मा होना असंभव, 176 अरब डॉलर से 3.98 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत ■ भूख के खिलाफ संघर्ष में प्रगति को झटका लगा**

एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता और अप्रत्याशित मौसम के कारण पिछले साल करीब 73 करोड़ लोगों को भूखा रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। वर्ष 2030 तक दुनिया से भुखमरी खत्म करने का लक्ष्य हासिल करना कठिन होता जा रहा है। मौजूदा अनुमान के मुताबिक, इस अवधि तक भूख को पूरी तरह से खत्म करने के लिए 176 अरब डॉलर से 3.98 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है।

संयुक्त राष्ट्र की ओर से 24 जुलाई को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक खाद्य सुरक्षा और भोजन की सहज उपलब्धता पर युद्ध, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक संकट का गहरा असर पड़ रहा है। वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति से जुड़ी इस रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल तीव्र भूख की समस्या गहरा गई, जबकि पौष्टिक भोजन कई लोगों की पहुंच से बाहर हो गया। दुनियाभर में भुखमरी खत्म करने की कोशिशों के क्रम में पिछला साल, बीते डेढ़ दशक में सबसे मुश्किल रहा। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह से 2023 में लगभग 73 करोड़ लोगों को भूखे पेट रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। यानी, दुनिया में हर 11 में से एक व्यक्ति भूख से जूझ रहा था।



फाइल फोटो

### 58 करोड़ लोगों के सामने कुपोषण का खतरा

रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि अगर मौजूदा स्थितियां जारी रहीं, तो इस दशक के अंत तक लगभग 58 करोड़ से ज्यादा लोग गंभीर कुपोषण का शिकार हो जाएंगे। इनमें से आधे अफ्रीका में होंगे। अर्थशास्त्री व रिपोर्ट के लेखकों में से एक डेविड लाबोर्डे ने बताया, आज हम नौ साल पहले की तुलना में बदतर स्थिति में हैं, जब हमने 2030 तक भुखमरी को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। मुझे लगता है कि हम इस वादे को पूरा करने की दिशा में बेहतर काम कर सकते हैं कि हम ऐसे ग्रह पर रहेंगे, जहां कोई भी भूखा नहीं रहेगा।

### अफ्रीकी देशों में स्थिति गंभीर

अफ्रीकी क्षेत्र में स्थिति खासतौर से गंभीर पाई गई, जहां पांच में से एक व्यक्ति को भूख का सामना करना पड़ा. इस रिपोर्ट को यूएन की पांच एजेंसियों- खाद्य और कृषि संगठन, अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष, यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर प्रकाशित किया है। इसे ब्राजील में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पेश किया गया। इसमें सुझाव दिया गया कि वैश्विक भुखमरी को कम करने के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण से जुड़ी फंडिंग में सुधार की जरूरत है।

### कम आय वाले देशों में 71.5% लोग स्वस्थ्य आहार से वंचित

2023 में दुनिया की एक तिहाई से अधिक आबादी के लिए स्वस्थ आहार पहुंच से बाहर था। ताजा अनुमानों से पता चलता है कि कम आय वाले देशों में 71.5 प्रतिशत लोग पिछले साल स्वस्थ आहार नहीं ले सके, जबकि उच्च आय वाले देशों में यह आंकड़ा 6.3 प्रतिशत था। रिपोर्ट के लेखकों का कहना है कि कुपोषण को पहचानना आसान है। लंबे समय तक खराब पोषण के कारण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. वयस्कों में लंबे समय तक खराब पोषण से संक्रमण और बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। अपर्याप्त प्रयासों की ओर ध्यान दिलाते हुए लाबोर्डे कहते हैं कि खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए आपातकालीन स्थितियों में चावल के थैले बांटने जैसी कोशिशें काफी नहीं हैं।

## फैशन पार्टी ऑफ द ईयर में आंत्रप्रिन्योर्स को दिए गए अवॉर्ड्स

# डिजाइनर्स ने क्रिएशन में तो लेडीज ने रैंप वॉक से दिखाया अपना हुनर

बेधड़क | जयपुर

जब लेडीज ने क्रिएटिविटी दिखाते हुए रैंप वॉक की तो हर कोई उनकी सोच और कॉन्फिडेंस की तारीफ करता दिखाई दिया। किसी ने ड्रेसेस से तो किसी ने टैलेंट से प्रभावित किया। मौका था फैशन शो 'थिएटर ऑफ ड्रीम्स 2.0' का, जिसे शिए लोबो ने निर्देशित किया। कार्यक्रम फैशन प्रेमियों, उद्योग के लोगों, सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर्स और ब्लॉगर्स की उपस्थिति के साथ जयपुर के उभरते हुए फैशन हब के रूप में स्थिति को साबित करने वाला रहा। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि जयपुर की फैशन पार्टी ऑफ द ईयर में जयपुर ने तमाम जाने माने विमेन एंट्रेप्रेन्यूर्स को रैंप वाक कराया गया।



### रेड कार्पेट से हुई शाम की शुरुआत

शाम की शुरुआत शानदार रेड कार्पेट से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने ठाठ पोशाक का प्रदर्शन किया जो एक अविस्मरणीय शाम के लिए माहौल बना रहा था। अंदर बॉलरूम को ऋद्धि शर्मा, विनीत जैन व वैभव खाटीवाल द्वारा फैशन रनवे में बदल दिया गया, जिसमें आंत्रप्रिन्योर्स श्वेता चोपड़ा ने ब्रांड दर्शाए। शिए लोबो ने एक ऐसा शो तैयार किया जो जयपुर के डिजाइनर्स जैसे अनूठी, अमरूद, जरी, रूपलक्ष्मी, गाबा, जेबा, अंशिका खण्डका, जेहान गुप्ता, विंटेज थ्रेड्स, वर्षा सोमानी, अमोरी ने मोटिवेट किया।





### हर कलेक्शन ने बयां की नई कहानी

मूनमू पोद्दार, वैशाली मोदी, श्रद्धा चौधरी ने बताया कि हर कलेक्शन ने अनूठी कहानी बताई जिसमें जटिल शिल्प कौशल, अभिनव डिजाइन और पारंपरिक भारतीय के साथ नए जयपुर की पहचान बनाई गई। तरंग अग्रवाल, सूचिता मानक बोहरा, राखी खंडेलवाल, ऋचा शर्मा, प्राची खंडेलवाल ने शो को एंगेजिंग बनाया। इस मौके पर आंत्रप्रिन्योर्स को उनके काम के लिए अवॉर्ड्स दिए गए।

## 5000 में से 200 प्रतिभाशाली मॉडल्स का हुआ सिलेक्शन




**बेधड़क. जयपुर।** फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 6 से 8 सितंबर तक इंटरनेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन-2024 सीजन-4 की सिटी विनर्स क्राउनिंग सेरेमनी व सिटी फिनाले का आयोजन किया जाएगा। इसकी सैश क्राउन रिवील सेरेमनी का आयोजन जयपुर में किया गया। पेजेंट फाउंडर, डायरेक्टर और टीम मेंबर्स उपस्थित रहे और सभी ने इवेंट से जुड़ी जानकारियां मीडिया से शेयर कीं। मॉडल्स को दिए जाने वाले सैश, क्राउन, मोमेंटो और हैंपर का फर्स्ट लुक रिवील किया गया। आयोजक फॉरएवर स्टार इंडिया सीईओ व फाउंडर राजेश अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड में पहली बार फिनाले की क्राउनिंग लाइव सीरीज के रूप में पेश होने जा रही है, जिसका शहर में एक ग्रैंड स्टूडियो सेटअप लगाकर इंडिया के अलग-अलग शहरों में क्राउनिंग की जाएगी। शो की 200 एपिसोड्स की सीरीज द्वारा पार्टिसिपेंट्स को ग्लोबल पहचान मिलेगी। सेरेमनी में बॉलीवुड एक्टर राहुल देव 200 फाइनलिस्टस मॉडल्स को ट्रेनिंग देंगे।

## 'आइडेंटिटी' का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** हीरक जयंती समारोह के तहत कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक आइडेंटिटी का मंचन शुक्रवार को किया जाएगा। नाटक समाज के बीच रह रहे लोगों की मानसिकता की पहचान करता है। आजकल स्कूल, कॉलेज, ऑफिस में लोगों का मानसिक और शारीरिक रूप से मजाक बनाया जाता है, जिसके कारण लोगों की शिक्षा, भविष्य, पारिवारिक माहौल में बदलाव के साथ ही खुदकुशी जैसा निर्णय तक आसानी से ले लिया जाता है। उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित करने के बाद भी कई शिक्षण संस्थानों और कार्यरत दफ्तरों में लोगों के साथ रैगिंग और गलत व्यवहार किया जाता है।

## जल संरक्षण सम्मेलन 27 से

**बेधड़क. जयपुर।** शहर में 27 से 29 जुलाई तक पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दर्शक संस्था की ओर से कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के ऑडिटोरियम में होगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) और राष्ट्रीय जल मिशन के सहयोग से आयोजित किए जा रहे सम्मेलन संयोजक राजीव भट्ट और लोकेश अग्रवाल ने बताया कि विशेषज्ञ पारंपरिक जल संरक्षण विधियों जैसे जोहड़, बावड़ी और सीढ़ी कुएं को आधुनिक तकनीकी हस्तक्षेपों के साथ एकीकृत करने पर शोध प्रस्तुतियां देंगे और चर्चाएं करेंगे। इस दौरान मुख्य प्रतिभागियों में आईआईटी दिल्ली के अभिषेक गुप्ता और आईआईटी बॉम्बे के निवेदन राठी तथा जयपुर के जलदाय विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुरेन्द्र बीजावत सहित कई पारंपरिक जल विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन रोजाना सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### वीरांगनाओं का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** करगिल विजय दिवस रजत जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण, राजस्थान द्वारा वीरांगना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वैशाली नगर स्थित एक रिसोर्ट में एक शाम शहीदों के नाम से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की शुरुआत कैंडल मार्च के साथ हुई। इसके बाद देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में वीरांगनाएं, पूर्व सैनिक और पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

### पं. मनमोहन भट्ट स्मृति संगीत तथा अवॉर्ड समारोह

## बांसुरी के मनमोहक स्वर ताल और कथक नृत्य से बांधा समां




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में 40वां पं. मनमोहन भट्ट स्मृति संगीत तथा अवॉर्ड समारोह होटल क्लार्क आमेर के स्वर्ण महल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह के प्रारंभ में डॉ. शिवा व्यास ने सितार पर राग गावती में तीन ताल मे विलंबित और द्रुत गति की रचनाओं को प्रस्तुत किया तथा तीव्र गति के झाले से समापन किया। तबला वादक अभिषेक मिश्रा ने कार्यक्रम में रोचकता दी। पंडित मनमोहन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने राग देस और विलक्षण कजरी के मनमोहक बांसुरी वादन से श्रोताओं को आनंदित किया तो रितेश प्रसन्ना ने बांसुरी वादन कर गुरु का साथ दिया। अंतिम प्रस्तुति विदुषी डॉ. समीरा कोसर द्वारा कथक नृत्य की रही। समीरा ने श्री कृष्ण वंदना से प्रारंभ किया और फिर शुद्ध जयपुर कथक घराने की उठान, परण, कायदा, भाव पक्ष दर्शाया। काया स्वरुप भजन से नृत्य प्रस्तुति का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन तंत्री सम्राट पंडित सलिल भट्ट ने किया।

### जयपुर में पहली बार जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ की कथा

## पोदनपुर की तरह जैन मंदिरों और घरों पर लगाएं जिन ध्वज



बेधड़क | जयपुर

अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर मीरा मार्ग के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन भवन जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ कथा कर रहे हैं। जयपुर में पहली बार हो रही इस कथा में मुनि ने भगवान पार्श्वनाथ के जन्म से लेकर उनके विवाह के बारे में बताया। उन्होंने कथा की शुरुआत पार्श्वनाथ के पिछले 10 भव पूर्व से की।

पोदनपुर में जिस तरह से मंदिरों में लहराती हुई ध्वजाऐं लगी हुई थी, उसी तरह से वर्तमान में जिन ध्वजा मंदिरों व घरों पर लगानी चाहिए। इनसे नकारात्मक ऊर्जा बाहर जाती है तथा पोजिटिव उर्जा आती है। कथा में बताया गया कि पोदनपुर के राजा अरविन्द के मंत्री विश्व भूति के दो पुत्र हुए।

इनमें से एक पुत्र कमठ पाप का प्रतीक था तथा दूसरा पुत्र मरुभूति पुण्य का प्रतीक था। इस मौके पर मुनि ने पंच मुद्रा का अभ्यास कराया। इससे पूर्व मनीष-रचना चौधरी व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर व मुनि प्रणम्य सागर का अर्घ्य चढ़ाया गया। इस मौके पर नन्द किशोर, प्रमोद, सुनील पहाड़िया परिवार ने आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर के चित्र का अनावरण व भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। सभी ने मुनिश्री के पाद पक्षालन कर पुण्यार्जन किया।

### हेल्प इन सफरिंग ने किया कार्यशाला का आयोजन

## पशुओं के प्रति दयालु समाज के निर्माण को दी मानवीय शिक्षा



बेधड़क | जयपुर

पशु कल्याण संगठन, हेल्प इन सफरिंग (एचआईएस) ने क्षेत्र में पशुओं के प्रति दयालु समाज का निर्माण करने, स्थानीय पशु कल्याण संगठनों को मानवीय शिक्षा में प्रशिक्षित और सशक्त बनाने के लिए होटल क्लार्क्स आमेर में मानवीय शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। हेल्प इन सफरिंग द्वारा 'पीडूज पीपल' के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम के तहत जयपुरिया स्कूल और द पैलेस स्कूल में सेशंस आयोजित किए गए। इसी तरह शहर के अन्य स्कूलों में वर्कशॉप प्रोग्राम चलाया जाएगा और बच्चों को जागरूक किया जाएगा। कार्यशाला में मानवीय शिक्षा एक्सपर्ट और 'पीडूज पीपल' फाउंडर इन्दर संधू ने दो रोचक सेशंस से उपस्थित लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में शहर के कई पशु कल्याण संगठन, पशु प्रेमी और एनजीओ उपस्थित रहे। संधू ने सेशन 'स्पीकिंग डोगेसी' में डॉग्स की बॉडी लैंग्वेज, डॉग्स के साथ सुरक्षित इन्टरैक्शन, डॉग्स बाइट बचाव आदि विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने रेबीज से जुड़े तथ्यों, मिथ और एंटी रेबीज वैक्सिनेशन के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं दूसरा सेशन 'कम्पैशनेट सिटीजन' विषय पर आधारित था, जिसमें संधू ने पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम, मानवीय शिक्षा के सिद्धांतों, मूल अवधारणाओं और उसके लक्ष्यों को समझने पर चर्चा की।

**नटराज महोत्सव** | JKK में नाटक 'गोरधन के जूते' का मंचन

# समाज राई का पहाड़ बनाता है और बलि चढ़ते हैं रिश्ते

बेधड़क | जयपुर

जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित छह दिवसीय नटराज महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को नाट्य निर्देशक देशराज गुर्जर द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक 'गोरधन के जूते' का मंचन हुआ।

'गोरधन के जूते' नाटक का नाम एक कौतूहल पैदा करता है, लेकिन नाटक की कहानी दर्शकों को हास्य-करुण रस, रिश्तों की मिठास और लोक जीवन की सरलता से साक्षात्कार करवाती है। नाटक का आधार दो दोस्तों केसर जमींदार और सरपंच बंसी के स्वर्गीय पिता द्वारा किया गया पोते-पोती के विवाह का वादा है। कहानी को मोड़ देने के लिए निर्देशक ने नायिका के बड़े पैर की बात को केन्द्र बनाया और दर्शाया कि विवाह के घर में कैसे छोटी-छोटी बातें मुश्किलें खड़ी कर देती है। समाज का रवैया राई का पहाड़ बनाता है, इसकी बलि चढ़ते हैं रिश्ते और प्रेम। ऐसी समस्याओं का एक ही समाधान नजर आता है, वो है आपसी समझदारी। नाटक एक शादी के चलचित्र की तरह है। इसके पात्र हर शादी के घर में आपको दिख जाएंगे।

### इन्होंने जीवंत किए किरदार

प्रदीप बंजारा ने केसर, आरिफ खान ने बंसी, प्रतीक्षा सक्सेना ने मथरा तो पंकज चौहान ने दीपू का किरदार निभाया। अन्य कलाकारों में सचिन सौखरिया, महिपाल राजावत, मधु देवासी, सुर दायमा, भानुप्रिया सैनी, भानुश वर्मा, मनन वर्मा, नितेश वर्मा, जेडी, कृष्ण पाल सिंह नरुका, शुभ सोयल, मनीष गोरा, जितेंद्र देवनानी, तालिब हुसैन, जया शर्मा, विकास शर्मा, वेद प्रकाश, प्रांजल गुर्जर, हिमाली भाटिया, दीपक सैनी, कशिश कोलेकर, शालिनी कुमारी शामिल रहे।



### शादी की हर रस्म जगाती रोमांच

रंगायन अब सभागार नहीं शादी का घर बन चुका है। बंसी के घर में मथरा की शादी की तैयारियां चल रही है। महिलाएं मंगल गीत गा रही है। इसी बीच दीपू का पिता केसर मथरा के पैर की नाप लेने आता है। मथरा जो पैर का पंजा बड़ा होने के कारण अब तक अपने पिता की जूतियों को पीछे से मोड़कर पहना करती थी, उसके नाप की चप्पल ढूंढना बंसी के लिए भारी पड़ जाता है। यह सरल सी बात मथरा के लिए समस्या बन जाती है। हीरामल महाराज की ज्योत करवाई जाती है। बंसी का भांजा जो शहर से आता है वो दिल्ली से जॉर्डन के जूते लाकर मथरा को पहनाने का सुझाव देता है। विदेशी ब्रांड जॉर्डन गांव में गोरधन के नाम से मशहूर हो जाता है। इस दौरान कई हास्य और भावनाओं से भरे क्सीक्षण आते हैं।



इजराइली PM नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर, अपने संबोधन के खिलाफ मार्च करने वालों को कहा...

# 'आप ईरान के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं'

■ ईरान और हमास के साथ ही इनके समर्थकों पर भी जमकर बोला हमला






### नेतन्याहू ने ईरान पर लगाए गंभीर आरोप

अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र में अपने चौथे संबोधन के दौरान इजराइली प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया के देशों में आतंकवाद, अशांति, अराजकता और हत्या के पीछे ईरान का ही हाथ है। अमेरिकी संसद में बेंजामिन नेतन्याहू का संबोधन किसी भी विदेशी नेता द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा संबोधन है।

### इजराइल नहीं, अमेरिका के साथ ईरान का युद्ध

नेतन्याहू ने दावा किया कि अधिकांश अमेरिकी इजरायल का समर्थन करते हैं। नेतन्याहू ने कहा, असल में सभी आतंकवाद के पीछे ईरान है। यह पश्चिमी सभ्यता का संरक्षक अमेरिका है, जो दुनिया पर कट्टरपंथी इस्लाम थोपने की ईरान की पागलपन भरी योजनाओं के रास्ते में खड़ा है। नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह के अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि 'इजरायल ईरान के लिए केवल एक उपकरण है। असली युद्ध अमेरिका के साथ है।'

### दावा किया- इजराइल की जीत निकट है

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का मानना है कि अमेरिका को सही मायने में चुनौती देने के लिए उसे पहले पश्चिम एशिया पर कब्जा करना होगा और इसके लिए वह हूती विद्रोहियों, हिज्बुल्ला और हमास सहित अपने कई छद्म संगठनों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि इजराइल की जीत निकट है।

**एजेंसी** | वाशिंगटन

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार रात 11:30 बजे (भारतीय समयानुसार) अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ईरान और हमास के खिलाफ जोरदार हमला बोला। नेतन्याहू जब अमेरिकी संसद पहुंचे तो उन्हें 2 मिनट 16 सेकेंड का स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया। इस दौरान कुछ सांसदों ने हूटिंग भी की। वहीं टेस्ला के मालिक मस्क भी बतौर गेस्ट संसद में मौजूद रहे। नेतन्याहू ने करीब 52 मिनट का भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधक की शुरुआत करते हुए कहा, "7 अक्टूबर को इजराइल पर हुआ हमला अमेरिका पर 9/11 के हमले के बराबर था। उन राक्षसों ने महिलाओं का रेप किया, पुरुषों के सिर काट दिए और बच्चों को जिंदा जला दिया। परिजनों की आंखों के सामने उनके अपनों को मार दिया गया। हमास 255 लोगों को घसीटकर गाजा के अंधेरे कैदखानों में ले गया।" नेतन्याहू ने ईरान के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक क्षेत्रीय गठबंधन के गठन का प्रस्ताव रखा। नेतन्याहू ने इसे अब्राहम गठबंधन नाम दिया है। नेतन्याहू ने कहा, 'मेरे पास इस गठबंधन के लिए एक नाम है। मुझे लगता है कि हमें इसे अब्राहम गठबंधन कहना चाहिए।' उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ ही इजराइल और दूसरी क्षेत्रीय ताकतों के साथ रिश्तों को शुरू करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी धन्यवाद दिया। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर है। उन्होंने इस दौरान नेतन्याहू ने जमकर ईरान को खरी खोटी सुनाई। इजराइल के खिलाफ कुछ संगठनों को आर्थिक सहायता और समर्थन देने के लिए पीएम नेतन्याहू ने ईरान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कट्टर दुश्मनों को हराने के लिए साहस और स्पष्टता दोनों की जरूरत होती है। नेतन्याहू के संबोधन का हजारों लोगों ने विरोध करते हुए देश की राजधानी वाशिंगटन में मार्च किया। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, 'हम सब जानते हैं कि ईरान इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों को आर्थिक मदद दे रहा है, ये प्रदर्शन इस इमारत के बाहर भी हो रहे हैं ये बहुत ज्यादा नहीं हैं, लेकिन कुछ हैं और पूरे शहर में हैं। खैर, मेरे पास इन प्रदर्शनकारियों के लिए एक संदेश है कि तेहरान के जो तानाशाह समलैंगिक व्यक्तियों को क्रेन से लटका देते हैं और अपने बाल नहीं ढंकने पर महिलाओं की हत्या कर देते हैं, वही अब आपको बढ़ावा दे रहे हैं, आपकी पैसों से मदद कर रहे हैं। आप आधिकारिक तौर पर उनके हाथों की कठपुतली बन गए हैं।

मॉरिटेनिया में जहाज दुर्घटना... ताइवान में तूफान

# 27 की मौत, 190 लापता

**एजेंसी** | न्वाकशोट/ ताइपे

मॉरिटेनिया के समुद्र तट पर एक जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें अभी तक 25 प्रवासियों के मौत की खबर है और कई लापता भी हैं। यह घटना राजधानी नौआकचॉट के पास हुई है, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि 190 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं और लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उधर, ताइवान में गाएमी तूफान के कारण 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 227 लोग घायल हो गए। मॉरिटेनियाई तटरक्षक कमांडर ने बताया कि तटरक्षक ने 103 प्रवासियों को बचाया है और 25 शव बरामद किए हैं। आईओएम ने कहा कि गाम्बिया से लगभग 300 लोग एक लकड़ी की नाव पर सवार होकर निकले थे और 22 जुलाई को नाव के पलटने से पहले वे समुद्र में सात दिन का सफर कर चुके थे। कोस्टगार्ड के पहुंचने से पहले 15 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 10 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



### 8500 को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

तूफान गाएमी की वजह से तेज बारिश, पेड़ों के गिरने, खंभों के गिरने और नावों के पलटने की वजह से 227 लोग घायल हुए हैं। हाथ-पैर और सिर में चोटें आई हैं। तूफान की वजह से अब तक करीब साढ़े आठ हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। गुरुवार की सुबह 11 बजे गाएमी तूफान हुआलिएन शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर था। इस समय इसके चारों तरफ हवा की गति 12 किलोमीटर प्रतिघंटा है। अगर ये और तेजी से बढ़ा तो अनुमान है कि हवा की गति बढ़कर 184 किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है।

### ताइवान में गाएमी तूफान... 3 मरे, 227 जख्मी

गाएमी तूफान ताइवान पहुंच गया है. इसकी वजह से 3 लोगों की मौत हो चुकी है. 227 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। तूफान की वजह से तेज हवाएं चली और तेज बारिश जारी है। अभी स्थिति और बिगड़ने के आसार हैं, क्योंकि जैसे-जैसे तूफान ताइवान के और नजदीक आएगा, तबाही ज्यादा हो सकती है. सेंट्रल इमरेंजसी ऑपरेशंस सेंटर (CEOC) ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। CEOC ने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को समंदर में न जाने की सलाह दी है, क्योंकि इस समय लहरें कई फुट ऊंची उठ रही हैं। तूफान का पूरी ताकत में आना अभी बाकी है। गाएमी तूफान की वजह से ताइवान के 22 शहरों पर प्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में स्कूल और दफ्तरों को बंद कर दिया गया है।

हमास की मचाई तबाही के निशान मिले 9 महीने बाद

# पांच इजराइलियों के शव बरामद

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल में हमास की तबाही के निशान 9 महीने बाद भी मिल रहे हैं। इजराइली सेना ने गुरुवार को बताया कि दक्षिणी इजराइल पर 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए पांच इजराइली नागरिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनके शवों को गाजा पट्टी ले जाया गया था।

इजराइली सेना ने बताया कि माया गोरेन के साथ-साथ सैनिक टोमर अहिमास और किरिल ब्रोडस्की के शव बरामद हुए थे। इनके अलावा, रविद आर्येह काट्ज और ओरेन गोल्डिन (मिलिट्री रिजर्विस्ट) के शवों को भी बचाव अभियान के बाद इजराइल वापस भेज दिया गया है।



### पहले से ही थे मृत घोषित

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने इन पांचों को पहले ही मृत घोषित कर दिया था। सेना तथा एक इजराइली अभियान समूह, 'बंधक और लापता परिवार फोरम' ने कहा है कि वे सभी हमले के दिन फिलिस्तीनी आतंकियों द्वारा मारे गए थे। सेना ने कहा कि 7 अक्टूबर को आतंकियों से लड़ते हुए सैनिक युद्ध में मारे गए। आधिकारिक इजराइली आंकड़ों के आधार पर उस दिन हमास आतंकियों द्वारा किए गए हमले में 1,197 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे।

### 111 बंधक अब भी गाजा में

इस दिन हमास के आतंकियों ने 251 बंधकों को भी किडनैप किया था। इनमें से अब भी 111 गाजा में ही हैं। इनमें से भी 39 के बारे में सेना का कहना है कि वे मर चुके हैं। सेना ने बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में मुख्य शहर खान यूनिस में एक अभियान के दौरान बुधवार को शव बरामद किए गए। यह इजरायल और हमास के बीच गाजा युद्ध के नौ महीने से अधिक समय बाद हुआ है। सेना ने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा कि बचाव अभियान से पहले एकत्रित की गई खुफिया जानकारी में गिरफ्तार उग्रवादियों द्वारा दी गई जानकारी शामिल थी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl